हरिभूमि
# जींद-कैथल भूमि
रोहतक, शुक्रवार 6 फरवरी 2026

तापमान
अधिकतम 21.0 डिग्री
न्यूनतम 9.0 डिग्री

11 जींद-कैथल में कांग्रेस का ऐतिहासिक शक्ति ...

11 एबीवीपी ने वाणिज्य विभागाध्यक्ष को सौंपा ज्ञापन


## खबर संक्षेप

### ट्रेन की चपेट में आने से अज्ञात युवक की मौत
**जींद।** दिल्ली-बठिंडा रेलमार्ग पर ईस्माइलपुर फाटक के पास फरक्का एक्सप्रेस की चपेट में आने से एक अज्ञात युवक की मौत हो गई। रेलवे थाना पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर नागरिक अस्पताल के शवगृह में रखवा दिया है। रेलवे पुलिस को बुधवार शाम को सूचना मिली थी कि ईस्माइलपुर रेलवे फाटक के पास करीब 33 वर्षीय युवक फरक्का एक्सप्रेस की चपेट में आ गया है उसकी मौत हो गई है।

### सड़क हादसे में युवक की मौत, चचेरी बहन घायल
**कैथल।** गांव भागल के पिहोवा रोड पर पिकअप गाड़ी की चपेट में आने से बाइक सवार एक युवक की मौत हो गई जबकि उसकी चचेरी बहन घायल हो गई। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवा उसके परिजनों को सौंप दिया। शिकायत में ककराला गुजरान के गौरव ने आरोप लगाया है कि उसके चाचा की लड़की चीका के एक कॉलेज में पढ़ती है।

### दो पिस्तौल-दो जिंदा कारतूस के साथ दो चढ़े पुलिस के हत्थे
**जींद।** जिला पुलिस ने अलग-अलग स्थानों से दो युवकों को काबू कर उनके कब्जे से दो पिस्तौल तथा दो जिंदा कारतूस बरामद किए हैं। संबंधित थाना पुलिस आरोपितों से पूछताछ कर रही है।

डिटेक्टिव स्टाफ को सूचना मिली थी कि गांव शाहपुर बस अड्डे के निकट एक युवक अवैध असलहा के साथ खड़ा हुआ है।

### पशु चोरी मामले में तीन आरोपी गिरफ्तार
**कैथल।** थाना पुंडरी क्षेत्र के गांव बुच्ची से भैंस व कटड़ी चोरी के मामले में एंटी व्हीकल थेफ्ट स्टॉफ ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों से पूछताछ दौरान थाना पूंडरी क्षेत्र में एक अन्य पशु चोरी की वारदात को अंजाम देना कबूल किया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि गांव बुच्ची निवासी जगदीश चंद्र की शिकायत अनुसार 27 जनवरी की रात को उसने भैंस व कटड़ी को तालाब के पास स्थित पशु बाड़े में बांधा था।

### पशु प्रदर्शनी का आयोजन कुरुक्षेत्र में आज से होगा
**जींद।** उपायुक्त मोहम्मद इमरान रजा ने बताया कि हरियाणा सरकार के पशुपालन एवं डेयरी विभाग द्वारा राज्यस्तरीय पशु प्रदर्शनी का आयोजन छह फरवरी से आठ फरवरी तक कुरुक्षेत्र के मेला ग्राउंड में किया जाएगा। यह हरियाणा सरकार की 41वीं राज्यस्तरीय पशु प्रदर्शनी होगी।

### युवक पर हमला करने का आरोपित गिरफ्तार
**कैथल।** करनाल रोड़ कैथल पर एक युवक पर जानलेवा हमला करने के मामले में सीआईए-1 पुलिस द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए 5 आरोपियों को काबू कर लिया गया। जानकारी देते हुए डीएसपी बीर भान ने बताया कि गांव कैलरम निवासी अमन खान कि शिकायत अनुसार वह पेशे से वेल्डिंग का काम करता है।

### मारपीट-अश्लील हरकत करने का आरोप, केस
**जींद।** जमीन विवाद में युवती से अशील हरकत करने तथा मारपीट करने पर सदर थाना पुलिस ने नौ लोगों के खिलाफ अशील हरकत करने, मारपीट करने समेत विभिन्न भारतीय न्याय संहिता के तहत मामला दर्ज किया है। गांव जाजवान निवासी एक युवती ने पुलिस को शिकायत दी है।

### वक्फ बोर्ड की जमीन कब्जाने का आरोप
**कैथल।** पूंडरी में वक्फ बोर्ड की जमीन पर कब्जा करने के मामले में पुलिस ने 3 के खिलाफ केस दर्ज किया है। आरोपियों ने वक्फ बोर्ड की जमीन पर दीवार निकालकर अवैध कब्जा करने का प्रयास किया। पूंडरी थाना पुलिस को दी शिकायत में वक्फ बोर्ड कैथल के असिस्टेंट ऑफिसर नसीम अहमद ने बताया कि पूंडरी के हाबड़ी रोड पर वक्फ बोर्ड की भूमि स्थित है।

---

कैथल के आरकेएसडी कॉलेज में होगा कार्यक्रम, विभिन्न स्कूल एवं कालेज के विद्यार्थी लेंगे भाग

# परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम आज, सीएम सैनी भी करेंगे बच्चों से संवाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी आज कैथल आएंगे। वे शिक्षा निदेशालय द्वारा आरकेएसडी कॉलेज कैथल में परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम में भाग लेंगे। इसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं अभिभावकों से वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से बातचीत करेंगे। बता दें कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम के बाद मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी बच्चों से संवाद करेंगे। इस कार्यक्रम का लाइव प्रसारण प्रदेश के सभी जिलों में दिखाया जाएगा। कार्यक्रम को लेकर डीसी अपराजिता ने वीरवार को लघु सचिवालय के सभागार में अधिकारियों की बैठक ली तथा उन्हें आवश्यक दिशा निर्देश दिए। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सभी अधिकारी अपनी ड्यूटी का निर्वहन पूरी गंभीरता और निष्ठा के साथ करें। किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने बताया कि यह कार्यक्रम आरकेएसडी कॉलेज के सभागार में सुबह 10 बजे आयोजित किया जाएगा। उन्होंने शिक्षा विभाग, बिजली विभाग, जन स्वास्थ्य विभाग, लोक निर्माण विभाग और स्वास्थ्य विभाग को आपसी समन्वय के साथ काम करने के निर्देश दिए। उन्होंने बिजली विभाग को निर्बाध बिजली आपूर्ति और जन स्वास्थ्य विभाग को स्वच्छ पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित करने के आदेश दिए गए हैं। स्वास्थ्य विभाग को आपातकालीन स्थिति के लिए मेडिकल टीमें तैनात रखने को कहा गया है। इसी प्रकार उन्होंने पुलिस विभाग को कॉलेज परिसर में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

**पुलिस प्रशासन पूरी तरह सतर्क**

सीएम आगमन को लेकर पुलिस ने लगाई कर्मचारियों की डयूटी बता दें कि मुख्यमंत्री के आरकेएसडी कालेज में आगमन को लेकर पुलिस विभाग भी पूरी तरह से सतर्क हो गया है। एसपी उपासना द्वारा कानून व्यवस्था को चाक चौबंद बनाए रखने को लेकर अधिकारियों तथा कर्मचारियों की डयूटी लगाई है। उन्होंने कर्मचारियों को आदेश दिए कि सभी कर्मचारी अपनी डयूटी का निवर्हन पूरी ईमानदारी और निष्ठा के साथ करेंगे।


**कैथल।** सीएम आगमन को लेकर तैयारियों का निरीक्षण करती डीसी अपराजिता और एसपी उपासना फोटो : हरिभूमि

### डीसी-एसपी ने किया कॉलेज का दौरा
**कैथल।** परीक्षा पे चर्चा' कार्यक्रम में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के 6 फरवरी को कैथल के आरकेएसडी कालेज में आगमन को लेकर समारोह की तैयारियां को लेकर डीसी अपराजिता, एसपी उपासना और भाजपा जिला अध्यक्ष ज्योति सैनी ने संयुक्त रूप से कार्यक्रम स्थल का दौरा किया। डीसी अपराजिता ने संबंधित अधिकारियों को मंच व्यवस्था, बैठने की व्यवस्था और तकनीकी सुविधाओं को समय पर पूरा करने की हिदायत दी। वहीं सुरक्षा के इंतजामों और सुचारू यातायात प्रबंधन के निर्देश दिए।

**मुख्यमंत्री विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करेंगे**

डीसी अपराजिता ने कहा कि यह कार्यक्रम विद्यार्थियों के भविष्य के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है, क्योंकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री नायब सिंह इस मंच के माध्यम से प्रदेश के युवाओं को सफलता के मंत्र देंगे। सभी विभाग एक टीम की तरह काम करें ताकि यह संवाद प्रेरणादायक सिद्ध हो। शिक्षा विभाग का भी यही लक्ष्य है कि बोर्ड परीक्षाओं से ठीक पहले विद्यार्थियों के मन से परीक्षा का डर निकालकर उनमें आत्मविश्वास भरा जाए। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी भी विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करेंगे।

### ये रहे मौजूद
एसपी उपासना, एडीसी सुशील कुमार, जिला परिषद के सीईओ सुरेश राविश, आरटीए गिरीश कुमार, ईओ वकील अहमद, सीटीएम गुरविंद्र सिंह, डीईओ सुभाष, डीआरओ चंद्रमोहन सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

---

अदालत के आदेश पर आरोपी एक दिन के रिमांड पर

# ग्राम सचिव लगवाने का झांसा देकर 40 लाख हड़पे, दबोचा

*पुलिस ने आरोपित की निशानदेही पर दो हजार रुपये की नकदी बरामद की*

**अकालगढ़ निवासी जयभगवान ने पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई थी**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

एंटी व्हीकल स्टाफ ने सरकारी नौकरी लगवाने का झांसा देकर साढ़े चालीस लाख रुपये हड़पने के एक आरोपित को गिरफ्तार कर अदालत से एक दिन के रिमांड पर लिया है। पुलिस ने आरोपित की निशानदेही पर दो हजार रुपये बरामद की है। लाखों रुपये की ठगी करने वाले आरोपित को गिरफ्तार किया है। एवीटी स्टाफ प्रभारी उप निरीक्षक यशवीर सिंह ने बताया कि अकालगढ़ निवासी जयभगवान ने 17 अगस्त 2023 को पुलिस को दी शिकायत में बताया था कि गांव ब्राह्मणवास निवासी राजेश उसकी पत्नी व उसके बेटे ने उसके दो बेटों व रिश्तेदारों को सरकारी नौकरी लगवाने का आश्वासन दिया था। आरोपित राजेश ने उसे बताया था कि उसका सरकारी विभागों के बड़े अधिकारियों से अच्छे संपर्क है । राजेश की बातों पर विश्वास करते हुए उसने अपने दो बेटों तथा दो रिश्तेदारों के 40 लाख 50 हजार रुपये ग्राम सचिव लगवाने के दिए। बावजूद इसके वे नौकरी नही लगे। जब उसने राशि वापस देने के लिए कहा तो आरोपित ने कुछ इतंजार करने के लिए कहा। बावजूद उसके राशि वापस नही दी और बुरा अंजाम भुगतने की धमकी दी। जुलाना थाना पुलिस ने आरोपित राजेश के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया था। सूचना के आधार पर पुलिस ने राजेश को गिरफ्तार कर अदालत में पेश कर एक दिन के रिमांड पर लिया। पुलिस ने आरोपित की निशानदेही पर दो हजार रुपये की नगदी बरामद की है। पुलिस आरोपित से पूछताछ कर रही है। पुलिस आरोपित से पूछताछ कर रही है।


**जींद।** पुलिस गिरफ्त में आरोपित।

### मुनाफा दिखा लगाया 3.70 लाख का चूना
**जींद।** ऑनलाइन ट्रेडिंग में मुनाफा दिखा कर तीन लाख 70 हजार रुपये हडपने पर साइबर थाना पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। गांव दरियावाला निवासी प्रगट सिंह ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गत चार दिसंबर को वह अपने घर फेसबुक को देख रहा था। उसी दौरान ऑनलाइन ट्रेरेडिंग में घर बैठे रुपये कमाने का लिंक मिला। जिसके खोलने पर तो वह द जर्नी ऑफ ड्रीम ग्रुप से जुड़ गया। जिसके बाद उसका अकाउंट बना दिया गया। जिसमें उसे निवेश करने के लिए बोला गया। शुरू में उसने पांच हजार रुपये किए। वॉयलेट में अच्छा मुनाफा दिखाया गया। जिसके बाद वह उस अकाउटं में निवेश करने लगा। गत 16 जनवरी को उसने दो लाख का निवेश किया। कुल मिला कर तीन लाख 70 निवेश कर चुका था। गत 27 जनवरी को उसने रुपये निकालने की कोशिश की तो उसकी आईडी ब्लॉक कर दी गई और ग्रुप से बाहर कर दिया।

---


**जींद।** खाली पड़ा तहसीलदार कक्ष। फोटो:हरिभूमि

# जींद : नहीं हो पाए रजिस्ट्री व इंतकाल, करोड़ों का नुकसान

*नायब तहसीलदार रहे हड़ताल पर*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

वीरवार को नायब तहसीलदारों की हड़ताल रही है। इसके कारण एक भी रजिस्ट्री नहीं हुई वहीं इंतकालए जमाबंदी के काम भी नहीं हुए। इससे राजस्व को करीब दो करोड़ का फटका लगा है। काम नहीं होने से लोग बैरंग ही लौट गए। वीरवार को जिले भर के तहसील कार्यालयों में सन्नाटा पसरा रहा। हड़ताल के चलते रजिस्ट्री, इंतकाल, जमाबंदी, डोमिसाइल, आय प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र सहित राजस्व से जुड़े तमाम कार्य ठप हो गए। जिले में रोजाना 120 के करीब रजिस्ट्री होती है वहीं डोमिसाइल, जमाबंदी, इंतकाल 400 के करीब होते हैं लेकिन हड़ताल के चलते कोई भी कार्य नहीं हो पाया। अधिकारियों और कर्मचारियों के कार्यालयों में कुर्सियां खाली रही। प्रदेश सरकार ने कार्य में लापरवाही बरतने पर पटवारियों के साथ-साथ दो नायब और एक तहसीलदार को निलंबित कर दिया था। इसको लेकर नायब और तहसीलदारों ने हड़ताल पर जाने का फैसला लिया था। हड़ताल का सबसे ज्यादा असर जमीन, जायदाद से जुड़े कार्यों पर पड़ा। रजिस्ट्री नहीं होने के कारण खरीदार और विक्रेता दिनभर तहसील कार्यालयों के चक्कर काटते रहे लेकिन उन्हें निराश होकर लौटना पड़ा। रजिस्ट्री फीस, स्टांप ड्यूटी और अन्य शुल्कों से मिलने वाली आय पूरी तरह से ठप रही। जिससे सरकार को बड़ा आर्थिक नुकसान पहुंचा है। इंतकाल और जमाबंदी से जुड़े मामलों में भी काम पूरी तरह से रुक गया।

---

# मापतोल विभाग ने जांचे 450 कांटे-बट्टे कमी मिलने पर दुकानदारों को चेतावनी

- मापतोल में कोताही बरतने वाले के खिलाफ होगी कड़ी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पूंडरी

मापतोल विभाग ने आज नगर की विभिन्न दुकानों का दौरा किया व दुकानों में प्रयोग किए जाने वाले 450 कांटे व बाटों की जांच की। इस दौरान अधिकारियों द्वारा कमी पाए जाने वाले दुकानदारों को चेतावनी देते हुए वजन पूरा करने के लिए बाटों में कमी को पूरा किया गया। विधिक माप विज्ञान के निरीक्षक तिलक राज ने बताया कि उनकी जांच का मुख्य मकसद ग्राहकों को उनके पैसे के बदले पूरा सामान दिलवाना है। उन्होंने दुकानदारों को आगाह किया कि वे पूरा वजन तोले और उपभोक्ताओं का शोषण न करें। उन्होंने कहा कि मापतोल में कोताही बरतने वाले दुकानदारों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने यह भी बताया कि आज उन्होंने 200 दुकानों के कंडे व बट्टों को चैक कर लिया है और शुक्रवार को भी सब्जी मंडी में चैक किये जायेंगे और बाकी जो रह गए हैं उन्हें सूचित किया जाता है कि वे उनके कार्यलय अनाज मंडी कैथल में आकर को चैक करवा सकते है। इस मौके पर उनके साथ उप निरक्षक मुकेश पंचाल, देवेंद्र कुमार व बाल कृष्ण भी मौजूद थे।


कंडो व बट्टो की जांच करते अधिकारी।

---

# निजीकरण के खिलाफ 12 को होगा चक्का जामः सुमेर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

हरियाणा रोडवेज वर्कर्स यूनियन संबंधित सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा ने 12 फरवरी की राष्ट्रव्यापी हड़ताल की तैयारी में रोडवेज डिपो में हरियाणा रोडवेज वर्कर्स यूनियन का जत्था पहुंचने पर रोडवेज कर्मचारियों ने सभी राज्य स्तरीय नेताओं का गेट पर स्वागत किया। गेट मीटिंग को राज्य महासचिव सुमेर सिवाच, वरिष्ठ उप प्रधान शिव कुमार सोराणओरसर्व कर्मचारी संघ के राज्य के वरिष्ठ उपप्रधान जरनैल सिंह, जिला प्रधान ओमपाल भाल, डिपो प्रधान अमित कुंडू, सचिव कृष्ण गुलियाना व सुरेन्द्र पालवा ने गेट मीटिंग को संबोधित किया। बताया कि 12 फरवरी की हड़ताल में डिपो के सभी लिपिक साथी हड़ताल पर रहेंगे और चालक, परिचालक, मैकेनिक व निरीक्षकों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर के हड़ताल करेंगे। राष्ट्रव्यापी हड़ताल के कार्यक्रम में मांग करते निजीकरण की नीतियों व कर्मचारी मजदूरी विरोधी चारों लेबर कोडो रद करने की मांग करते आठवें वेतन आयोग का गठन ,समान काम समान वेतन, पुरानी पेंशन बहाली व सभी कच्चे कर्मचारियों को पक्का करने की मांग की गई। खाली पदों पर भर्ती करे, रोडवेज में लगे सभी अप्रेंटिस कर रहे सभी कर्मचारियों का सटाई फंड न्यूनतम वेतन के बराबर किया जाए। सरकार व परिवहन विभाग उच्च अधिकारियों के साथ कई दौर कि बातचीत में विभाग के कर्मचारियों की बनाई गई तबादला नीति खामियों पर यूनियन लिखित आपत्ति जताते हुए तबादला निती रद्द करने की मांग कर चुकी है ओर मांग कि अब सरकार चालकों परिचालकों का आपसी स्थानांतरण किया जाएं। हरियाणा रोडवेज वर्कर्स यूनियन की तरफ से रोडवेज 12 फरवरी की हड़ताल के लिए रोडवेज में कार्यरत सभी संगठनों यूनियनो से अपीलकरते हुए हिस्सेदारी करने की अपील की है।


**कैथल।** हरियाणा रोडवेज वर्कर्स यूनियन के सदस्य बातचीत करते।

---

### तीन युवकों को इंजेक्शन की डोज के साथ पकड़ा
**पूंडरी।** पूंडरी में नशे के बढ़ते प्रकोप पर अंकुश लगाने के लिए पूंडरी पुलिस द्वारा सब्जी मंडी क्षेत्र में सघन अभियान चलाया जा रहा है। पुलिस ने सादी वर्दी में सुबह-शाम दबिश देते मंडी के सुनसान स्थानों व दुकानों के पीछे नशा कर रहे युवकों को काबू किया है। बुधवार देर शाम तीन युवकों को इंजेक्शन की डोज के साथ पकड़ा गया, जबकि गुरुवार सुबह दो अन्य युवकों को भी नशा करते गिरफ्तार किया गया।

उल्लेखनीय है कि दो दिन पहले मंडी के आढ़तियों व दुकानदारों ने सब्जी मंडी में खुलेआम नशा करने वाले युवकों को लेकर रोष प्रकट करते इसकी जानकारी दी थी। समाचार पत्रों द्वारा मामले को प्रमुखता से उठाए जाने के बाद पूंडरी पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए नशेड़ियों की धरपकड़ के लिए विशेष अभियान शुरू किया।

---

गांव खरक पांडवा के किसान सुनील सहारण की हरियाणा नस्ल की शानदार देसी गाय

# यशोदा ने 21.330 किलोग्राम दूध देकर बनाया रिकार्ड

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

कैथल जिले के गांव खरक पांडवा की देसी नस्ल की गाय यशोदा ने एक दिन में 21 किलो 330 ग्राम दूध देकर न केवल स्थानीय स्तर पर बल्कि पूरे देश में सनसनी मचा दी है। यह उपलब्धि देसी गायों की क्षमता को फिर से साबित करती है और पशुपालकों के लिए बड़ी प्रेरणा बन गई है।गांव खरक पांडवा के रहने वाले किसान सुनील सहारण ने अपनी गाय यशोदा की देखभाल को परिवार के सदस्य से भी ज्यादा महत्व दिया। यशोदा हरियाणा नस्ल की शानदार देसी गाय है, जिसे बचपन से ही नियमित तौर पर विशेष आहार, साफ-सफाई और प्यार भरी देखभाल मिली। पहले यह गाय कैथल जिले में सबसे ज्यादा दूध देने वाली के रूप में जानी जाती थी, लेकिन पिछले दो या तीन दिन के नए प्रदर्शन में यह पूरे भारत में देसी नस्ल की गायों में प्रथम स्थान पर पहुंच गई है। इसका दैनिक दूध उत्पादन 21 किलो 330 ग्राम है, जो नया कीर्तिमान है। जिला स्तर पर पहले यह गाय कैथल में टॉप पर थी, जहां 17 लीटर तक के दूध के रिकॉर्ड चर्चित थे, लेकिन अब 21 किलो से ज्यादा का आंकड़ा राष्ट्रीय स्तर की बात कर रहा है। देसी गायें आमतौर पर विदेशी नस्लों जैसे एचएफ, जर्सी की तुलना में कम दुधारू मानी जाती हैं, लेकिन उनकी दूध की गुणवत्ता ए2 प्रोटीन, बेहतर पोषण मूल्य और औषधीय गुण कहीं ज्यादा बेहतर होते हैं। यशोदा का यह रिकॉर्ड दिखाता है कि सही नस्ल सुधार, बेहतर प्रबंधन और प्राकृतिक तरीके से पालन-पोषण से देसी गायें भी कमाल कर सकती हैं।



गाय यशोदा व सुनील सहारण

### दूध की बाजार में अच्छी कीमत
खबर हरियाणा समेत पूरे देश के गौ-पालकों में जोश भर रही है। कई किसान अब देसी नस्लों पर ज्यादा ध्यान दे रहे हैं, क्योंकि विदेशी नस्लों की तुलना में देसी गायों का रखरखाव कम खर्चीला होता है और दूध की बाजार में अच्छी कीमत भी मिलती है। यशोदा का यह रिकॉर्ड गौ संरक्षण और देसी नस्ल संवर्धन के अभियान को नई ताकत दे रहा है।

### छह महीने की उम्र से ही विशेष देखभाल
पशुपालक व किसान सुनील सहारण ने बताया कि उन्होंने यशोदा की छह महीने की उम्र से ही विशेष देखभाल शुरू कर दी थी, जिसमें संतुलित हरा चारा और घरेलू दाना, नियमित स्वास्थ्य जांच और टीकाकरण, साफ गोशाला और तनाव मुक्त वातावरण, परिवार जैसा व्यवहार शामिल है। इससे गाय खुश और स्वस्थ रहती है।

### बिजली निगम के जेई समेत तीन कर्मियों पर मामला दर्ज
**जींद।** गांव नारायणगढ़ में वीडियो बना रहे युवकों को जातिसूचक गालियां देने पर गढ़ी थाना पुलिस ने बिजली निगम के जेई तीन कर्मियों के खिलाफ एसी-एसटी एक्ट समेत विभिन्न भारतीय न्याय संहिता के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच की जा रही है।गांव नारायणगढ़ निवासी एक युवक ने बताया कि गत दिवस दोपहर को बिजली निगम के जेई समीर तथा दो अन्य कर्मचारी उनकी गली में बिजली चोरी रोकने के लिए आए हुए थे। उनके घर बिजली चोरी भी नही थी। वह बिजली कर्मियों की वीडियो बनाने लगा। जिस जेई समीर तथा उसके साथी कर्मियों ने उसके अभ्रद व्यवहार करते जातिसूचक गालियां दी। गढ़ी थाना पुलिस ने युवक की शिकायत पर जेई समीर तथा दो अन्य के खिलाफ एसी एसटी एक्ट समेत विभिन्न भारतीय न्याय संहिता के तहत केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

सेलिब्रेशन/ शिखर चंद जैन

# ये अनोखे फेस्टिवल्स यहां बच्चे करते हैं फुल मस्ती-धमाल

फेस्टिवल कोई भी हो, उसे सबसे अधिक एंज्वॉय बच्चे ही करते हैं। हम तुम्हें दुनिया भर में मनाए जाने वाले कुछ ऐसे फेस्टिवल्स के बारे में बता रहे हैं, जो कई मामलों में बहुत अनोखे हैं, यहां तुम खूब जम कर मस्ती कर सकते हो।



## जस्ट सो फेस्टिवल, चेशायर इंग्लैंड

**यह फेस्टिवल** किसी जादुई जंगल में आ जाने जैसा है। यहां बच्चे और उनके माता-पिता भालू, लोमड़ी और शेर के गेटअप में जंगलों में कैंपिंग करते हैं। इस उत्सव का मुख्य आकर्षण 'कहानियों का जंगल' यानी एक काल्पनिक दुनिया



है। यहां बच्चों और उनके माता- पिता को संगीत, कला और साहित्य के माध्यम से अलग-अलग किरदारों को जीने का मौका मिलता है। ट्राइबल टूर्नामेंट यहां की सबसे प्रसिद्ध परंपरा है। इसमें भाग लेने वाले लोग लोमड़ी, मेंढक, उल्लू या मछली जैसे विभिन्न 'कबीलों' में बंट जाते हैं। इस फेस्टिवल में पूरे वीकेंड तरह-तरह की प्रतियोगिताएं होती हैं। यहां रात के समय कहानी सुनना, जंगलों के बीच कलाकृतियां बनाना, लाइव म्यूजिक, डांस और थिएटर जैसी एक्टिविटीज शामिल हैं। यह फेस्टिवल इंग्लैंड के चेशायर में सुंदर उद्यानों और जंगलों में आयोजित किया जाता है, जो इसे एक परिकथा जैसा माहौल देता है। इस साल यह उत्सव 21 से 23 अगस्त तक आयोजित किया जाएगा। *

## कैंप बेस्टिवल, डोरसेट यूके

**बच्चों के** लिए खास आकर्षण कैंप बेस्टिवल को विशेष रूप से 'फैमिली फ्रेंडली' फेस्टिवल माना जाता है। इस साल इसे 'सीसाइड' (समुद्र के पास) थीम के साथ मनाया जाएगा। इस बार के फेस्टिवल में बच्चों के चहेते मिस्टर टम्बल, ब्लिपी और मिस्टर मेकर लाइव शो करेंगे। साथ ही 'हॉरिबल हिस्ट्रीज' की टीम इतिहास को मजेदार अंदाज में पेश करेगी। यहां म्यूजिक के अलावा 100 से अधिक एक्टिविटीज होंगी, जिनमें सर्कस वर्कशॉप, साइंस शो, आर्ट्स एंड क्राफ्ट्स और एडवेंचर स्पोर्ट्स शामिल हैं। यहां आए लोग अपनी फैमिली के साथ टेंट या लग्जरी कैंप्स में ठहर सकते हैं। यह चार दिवसीय रंगारंग कार्यक्रम इस साल 30 जुलाई से 2 अगस्त 2026 तक यूके के डोरसेट में ऐतिहासिक लुलवर्थ कैसल मैदानों में आयोजित किया जाएगा। *

## इंटरनेशनल चिल्ड्रेंस फेस्टिवल ऑफ द आर्ट्स, सेंट अल्बर्ट कनाडा

**यह कनाडा** के अल्बर्टा प्रांत के सेंट अल्बर्ट शहर में आयोजित होने वाला एक प्रतिष्ठित वार्षिक उत्सव है। इसका मुख्य उद्देश्य बच्चों को विश्व स्तरीय कला, संगीत, थिएटर और नृत्य से रूबरू कराना है। यह मेला केवल मनोरंजन तक सीमित नहीं है, बल्कि इसका लक्ष्य बच्चों की कल्पनाशीलता को जगाना और उन्हें सांस्कृतिक



विविधता के प्रति जागरूक करना है। यह उत्सव बच्चों के लिए किसी जादुई दुनिया से कम नहीं होता। इसमें दुनिया भर से आए कलाकार एक्रोबेटिक्स, कठपुतली शो, थिएटर और मैजिक शो पेश करते हैं। यहां बच्चे भी केवल दर्शक नहीं होते, बल्कि वे खुद कलाकार बनते हैं। मिट्टी के बर्तन बनाना, पेंटिंग, ड्रम बजाना और नृत्य जैसी कई इंटरैक्टिव वर्कशॉप आयोजित की जाती हैं। यहां की स्टर्जन नदी के किनारे खुले मैदानों में चेहरे पर पेंटिंग, गुब्बारे की कला और सड़क किनारे होने वाले करतब बच्चों का मन मोह लेते हैं। यह उत्सव कनाडा की बहुसांस्कृतिक पहचान को दर्शाता है। इसमें स्वदेशी कलाकारों के प्रदर्शन और कहानियों को विशेष स्थान दिया जाता है, जिससे बच्चे अपनी जड़ों और अन्य संस्कृतियों को समझ सकें। यह उत्सव इस साल 29 मई से 1 जून तक आयोजित किया जाएगा। *

## सांता क्रूज डी टेनेरिफ, कैनरी द्वीप स्पेन

**स्पेन के** इस द्वीप पर कार्निवल के दौरान बच्चों की अपनी अलग प्रतियोगिताएं होती हैं। छोटे बच्चों की अपनी 'क्वीन' चुनी जाती है, जो भारी और बेहद सुंदर गाउन पहनती है। यहां की 'मर्गस' नाम की संगीत मंडलियां बच्चों के लिए मजाकिया गाने गाती हैं। बच्चों के लिए खूब मौज-मस्ती भरा होता है यह फेस्टिवल। *



## गोवा कार्निवल, गोवा भारत



**बच्चो, अपने** देश में भी कई रंग-बिरंगे और ज्वॉयफुल फेस्टिवल्स मनाए जाते हैं। गोवा कार्निवल भी किसी विदेशी फेस्टिवल से कम नहीं है। यहां हर साल एक स्थानीय व्यक्ति को 'किंग मोमो' चुना जाता है। किंग मोमो को कार्निवल्स का राजा माना जाता है। किंग मोमो के आदेश पर ही गोवा कार्निवल की शुरुआत होती है। इस मेले में सड़कों पर झांकियां निकलती हैं। बच्चे चमकीले कपड़े पहनकर सड़कों पर गिटार और ड्रम बजाते हैं। यह त्योहार हमें सिखाता है कि खुश रहना ही सबसे बड़ा उत्सव है। इस वर्ष गोवा कार्निवल 13 से 17 फरवरी तक आयोजित किया जाएगा। *

अनोखा जंतु / अंजू जैन

बच्चो, प्रकृति में अनोखी शारीरिक विशेषताओं से युक्त अनेक जीव-जंतु, कीट-पतंगे पाए जाते हैं। ऐसा ही एक जंतु है ओलियंडर हॉक। इसकी कई प्रजातियां पाई जाती हैं। इसकी कौन-सी विशेषताएं हैं, यह कहां-कहां पाया जाता है, जानो।

# छिपने में माहिर सुंदर-आकर्षक ओलियंडर हॉक



बच्चो, दिखने में बहुत ही सुंदर और अद्भुत शारीरिक क्षमता वाला पतंगा है ओलियंडर हॉक। यह शिकारियों से छिपने की कला में बहुत माहिर होता है। इसका वैज्ञानिक नाम 'डैफनीस नेरी' है। इसे 'आक का पतंगा' भी कहा जाता है, क्योंकि इसके कैटरपिलर (लार्वा) आमतौर पर आक के पौधों पर पाए जाते हैं। इसे 'हॉक-मॉथ' या 'स्फिंक्स मॉथ' के नाम से भी जाना जाता है। इसकी लगभग 1,450 प्रजातियां पाई जाती हैं।

**शारीरिक रंग-रूप:** ओलियंडर हॉक के पंखों का फैलाव लगभग 9 सेंटीमीटर से 13 सेंटीमीटर तक होता है। हालांकि इसके रंग अलग-अलग होते हैं, लेकिन इसके पंख आमतौर पर हरे और जैतून के रंग के पैटर्न से बने होते हैं। इससे इसका रंग-रूप सैनिकों की वर्दी जैसा दिखता है। इसीलिए इसे 'आर्मी ग्रीन मॉथ' के नाम से भी जाना जाता है। इसके प्रत्येक पंख पर भूरे और सफेद रंग की धारियों वाली आंखों जैसी संरचना होती है। यह पतंगा अपनी रंग-बिरंगी खूबसूरत कैमोफ्लॉज डिजाइन के लिए जाना जाता है। इसके पंखों पर हरे, गुलाबी और सफेद पैटर्न बने होते हैं, जो इसे पत्तों के बीच छिपने में मदद करते हैं।



**ओलियंडर हॉक के कैटरपिलर:** आमतौर पर ओलियंडर हॉक के कैटरपिलर लाल-भूरे और काले रंग के होते हैं, जिसके पूरे शरीर पर सफेद धब्बे होते हैं। ये पुदीने जैसे हरे, लाइम ग्रीन या नीले रंग के भी होते हैं। लार्वा के शरीर पर बड़े-बड़े आंख जैसे धब्बे होते हैं, जो शिकारियों को डराने के लिए आकार में बढ़ते हैं। इसके शरीर के पिछले हिस्से पर एक मांसल सींग भी होती है, जो पीले या काले रंग की होती है। ओलियंडर हॉक में उड़ने और तेजी से मंडराने की अच्छी क्षमता होती है। एक वयस्क ओलियंडर हॉक-मॉथ का जीवनकाल लगभग 10-30 दिनों का होता है। वयस्क होने से पहले यह अंडे, लार्वा, प्यूपा जैसे विभिन्न चरणों से गुजरता है।

**कहां-कहां पाया जाता है:** ओलियंडर हॉक उत्तरी अफ्रीका, एशिया और यूरोप के कई हिस्सों में मूल रूप से पाए जाते हैं। यह एक प्रवासी प्रजाति है, इसलिए यह अपने मूल क्षेत्र के बाहर भी पाया जा सकता है। यह गर्म इलाकों में रहना पसंद करता है। ये ज्यादातर समय पहाड़ियों और झाड़ियों पर बिताते हैं। ये शाम ढलने के बाद सबसे ज्यादा सक्रिय होते हैं। ये आमतौर पर मानव बस्तियों के पास रहने पर प्रकाश स्रोत की ओर आकर्षित होते हैं।

**क्या है भोजन:** ओलियंडर के कैटरपिलर आक के पत्तों को खाते हैं। वयस्क ओलियंडर हॉक विभिन्न फूलों के रस से अपना भोजन प्राप्त करते हैं। यह रस पीने के लिए हमिंगबर्ड की तरह फूलों के ऊपर मंडराते रहते हैं। चमेली, विंका, पेटुनिया और हनीसकल (मधुमालती) जैसे फूलों को ये विशेष रूप से पसंद करते हैं। *

बालगीत / सिराज अहमद

## चाचू तफरीबाज

अपने चाचू हैं
मजाकिया थोड़े तफरीबाज
नाटक करते ऐसा
कि तुम उनको समझ न पाओ
झूठमूठ गुस्साते
फिरते, उलझन में पड़ जाओ
फिर हंसते तो
दादी बोले आ जाओ तुम बाज
कभी रात में
बनकर काला भूत डराते हमको
कभी-कभी
आंगन में यूं ही बस दौड़ाते हमको
कभी निकाले
मुंह से बंदर-बिल्ली की आवाज
छुपम-छुपाई
खेले बनकर, हम जैसे ही बच्चे
हम कहते हैं
चाचू अपने, जग में सबसे अच्छे
उनको हमसे
प्यार बहुत है, हमको उन पर नाज



## बूझो तो जानें



1
तरल रूप में पाया जाऊं,
जीवन का पर्याय कहाऊं।
ठोस रूप भी मैं ले सकता,
गर्म करो तो मैं उड़ जाऊं।

2
लता में लगने वाला पत्ता,
शौक से खाया जाता।
कत्थे-चूने की परतों से,
खूब सजाया जाता।




3
चपर-चपर चरती है चारा,
मैं-मैं कर मिमियाए।
दूध बड़ा गुणकारी देती,
बोलो क्या कहलाए?

- वसीम अहमद नगरामी

उत्तर: 1. पानी, 2.पान, 3. बकरी

## जीके क्विज-191

1. देश की वर्तमान वित्त मंत्री कौन हैं?
2. पुरुष हॉकी इंडिया लीग 2026 का खिताब किसने जीता है?
3. 'दिल्ली चलो' का नारा किसने दिया था?
4. 500 सिंगल्स मुकाबले जीतने वाली पहली भारतीय शटलर कौन बन गई हैं?
5. रात में दिखाई पड़ने वाला सबसे चमकीला तारा कौन-सा है?
6. पृथ्वीराज चौहान कहां के शासक थे?
7. स्वतंत्र भारत के पहले वित्त मंत्री कौन थे?
8. 'आनंदमठ' नामक पुस्तक के लेखक कौन हैं?
9. सफेद सोना (व्हाइट गोल्ड) किसे कहा जाता है?
10. हीराकुंड बांध किस राज्य में स्थित है?



बच्चों, जीके क्विज-191 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें balbhoomihb@gmail.com पर मेल कर सकते हो।

**जीके क्विज-190 का उत्तर :** 1.साइना नेहवाल, 2.आर्यन वार्ष्णेय, 3.राजनाथ सिंह, 4.शाहजहां, 5.शुभांशु शुक्ला, 6.पद्म विभूषण, 7.टोकोफेरॉल, 8.विटामिन डी, 9.वृहस्पति, 10.बछेंद्री पाल

**जीके क्विज-190 का सही उत्तर देने वाले :** कबीर-हिसार, रमेश-बैकुंठपुर, दारा-महासमुंद, ऊर्जस्वी-सारंगढ़ बिलाईगढ़, श्रेया-दामोह, शुभम-बलौदा बाजार, गुंजा-रायपुर, अंकित-दुर्ग, सारिका-रायपुर, नेहा-भोपाल, ज्योति-बैकुंठपुर

घर में आदमी, गाय, कुत्ते ने साथ-साथ कैसे रहना शुरू किया, इसके पीछे बड़ी रोचक कहानी है। बच्चो, तुम भी इसको जानो।

## कहानी घर, पेड़ और गाय की



कहानी
समीर गांगुली



एक घर, एक पेड़ और एक गाय तीनों अड़ोसी-पड़ोसी थे। पेड़ को रात में चलने की बीमारी थी। घर में कोई मनुष्य नहीं रहता था। वह जब-तब आवाज देकर लोगों को अपने यहां रहने के लिए बुलाया करता था। जब कोई आ जाता तो घर तरह-तरह की करतूतों से उसे डराता और रात-बेरात भगा देता था। गाय को गाने का बड़ा शौक था, वह सारा दिन अपनी धुन में गाती रहती थी। लेकिन बड़ा बेसुरा गाती थी, सो कोई उसके पास नहीं फटकता था।

बस थोड़ी दूर एक कुत्ता भी रहता था, जो दूर से ही इन तीनों की हरकतों को देखता रहता था। एक दिन खूब जोर से बारिश आई, पेड़ नाचने लगा। गाय डर कर चुप हो गई और घर ने आवाज देकर बारिश में भीगते कुत्ते को बुलाया। कुत्ता भीगता-भीगता घर के अंदर पहुंचा। घर के बीचोंबीच एक दरी बिछी थी। कुत्ता जाकर उस पर बैठ गया। उसे वहां बैठ कर बड़ा अच्छा लगा। खिड़की से नाचते पेड़ को देखा तो पेड़ ने उसे बाहर आकर नाचने का न्योता दिया। वह बाहर गया तो नहीं, मगर पेड़ का नाच उसे पसंद आया। इसके बाद गाय पर नजर पड़ी तो डरी गाय को देखकर उसकी मदद करने का मन हुआ। उसने गाय की तरफ देखकर एक लंबी सी आवाज निकाली, जिसे गाय ने कुत्ते का गाना समझा और वह भी उछल कर जोर-जोर से गाने लगी। वही बेसुरा गाना और गाते-नाचते घर के दरवाजे तक आ गई। घर धूल-मिट्टी और कबाड़ से भरा था। कुत्ते ने झाड़ियों का एक झाड़ू बनाया और घर को साफ कर दिया। इससे घर खुश हुआ, वह बोला, 'आज से हम सब दोस्त। अब हमारे सुख-दुख साझा हैं।'

कुत्ता खुश हो गया। उसे बहुत दिनों बाद किसी से बात करने का मौका मिल रहा था। वह तुरंत बोला, 'ठीक है, हमारे सुख-दुख हैं क्या?

गाय ने सिर हिलाकर कहा, 'मुझे तो पता नहीं।'

घर हंसा और बोला, 'चलो किसी आदमी को बुलाते हैं। वही हमें सुख और दुख दोनों देगा।' और फिर वे आदमी का इंतजार करने लगे। एक दिन आदमी आया और उसने घर से पूछा, 'क्या मैं यहां थोड़ी देर विश्राम कर सकता हूं? बस आज रात?'

कुत्ते ने आदमी का एक चक्कर लगाकर पूछा, 'मगर तुम्हारी गठरी में क्या है?'

आदमी बोला, 'सुख और दुख।'

यह सुनकर घर, कुत्ता और गाय एक साथ बोले, 'हां-हां, क्यों नहीं! चाहो तो हमेशा के लिए रह जाओ।' तब से आदमी, घर, कुत्ता और गाय साथ-साथ रहते हैं। सुख-दुख मिल कर सहते हैं। *



कहानी
मोहम्मद अरशद खान


एक दिन मम्मी की तबीयत बिगड़ी तो दिल्लू ने दादी की मदद से उनके लिए दलिया बनाई। अपने लिए पिज्जा ऑर्डर कर दिया। लेकिन इस ऑर्डर को उसने कैंसिल कर दिया। उसने भी मजे से दलिया खाई। आखिर दिल्लू का मन कैसे बदल गया?

## दिल्लू ने बनाया दलिया

दादी को दम-आलू अच्छा लगता है। पापा को शाही पनीर बहुत पसंद है। मम्मी के लिए राजमा-चावल के आगे सब बेकार। पर दिल्लू को क्या पसंद है...? कुछ नहीं। दाल में मजा नहीं आता। गोभी अजीब लगती है। बैंगन बेकार है। लौकी-कद्दू का तो कोई नाम भी न ले। पालक, परवल, भिंडी कुछ भी अच्छा नहीं लगता।

आज मम्मी को बुखार आ रहा है। सुबह से बिस्तर पर पड़ी हुई हैं। कामवाली बुआ गांव गई हैं। उनकी बेटी की शादी है। पापा ड्यूटी गए हैं। घर पर अकेली दादी हैं। तो फिर खाना कौन बनाएगा? दिल्लू बेफिक्र है। दादी का व्रत है। इसलिए वह सिर्फ फल खाएंगी। फ्रिज में ढेर सारे फल पहले से रखे हैं। अपने लिए वह पिज्जा ऑर्डर कर लेगा। लेकिन मम्मी...? वह क्या खाएंगी? डॉक्टर ने कहा है सिर्फ हल्का-फुल्का खाना दे सकते हैं- जैसे दलिया। 'हां, यही ठीक रहेगा। मम्मी के लिए दलिया बना दूंगा। अपने लिए डबल चीज पिज्जा ऑर्डर कर देता हूं।' दिल्लू ने सोचा। लेकिन दलिया बनाना तो उसे आता नहीं। 'कोई बात नहीं दादी से पूछ लूंगा।' सोचता हुआ दिल्लू किचन में जा पहुंचा। 'सबसे पहले क्या करना होगा...?' उसने दादी को जोर से आवाज लगाते हुए पूछा।

दादी मुश्किल से चलती हुई किचन में आईं। दिल्लू उनके बैठने के लिए कुर्सी ले आया। दादी बैठती हुई बोलीं,'सबसे पहले एक साफ पैन लेना होगा। फिर चूल्हा जलाना होगा...।' 'उफ, दादी ये सब तो मालूम है। उसके आगे बताइए।' दिल्लू चिढ़कर बोला। 'तो फिर एक कटोरी दलिया लो और पैन में हल्की आंच पर इसे भून लो।' उसके खीझने पर दादी हंसते हुए बोलीं।



दिल्लू दलिया भूनने लगा। बीच-बीच में पूछता, 'अब बस करूं?'

दादी कहतीं, 'थोड़ा और, जब खुशबू आने लगे।' 'अब आगे क्या करना है?' दलिया भूनने के बाद दिल्लू ने पूछा।

दादी ने बताया, 'अब देसी घी की छौंक लगानी है।' 'लेकिन घी कहां रखा है?' दिल्लू ने पूछा। 'ये तो मुझे भी नहीं पता, मम्मी से क्यों नहीं पूछ लेते?' दादी ने कहा। 'श... श... श... उन्हें सरप्राइज देना है।' दिल्लू ने होंठों पर अंगुली रखते हुए कहा। कई मर्तबानों के ढक्कन खोलने के बाद घी मिला। अब लौंग-इलायची ढूंढना इससे भी मुश्किल काम था। पर उसने ढूंढ निकाला। अब जरूरत थी, दूध और शक्कर की। यह ढूंढना थोड़ा आसान था। दिल्लू दलिया बनाने में कसर नहीं छोड़ना चाहता था। ताकि मम्मी को भी पता लगे, वह कितना अच्छा कुक है। अखिरकार दलिया बनकर तैयार हो गया। लेकिन इतने से काम में दिल्लू के पसीने छूट गए। हाथ जलते-जलते बचा और कपड़े भी गंदे हुए, पर वह खुश था।

'थोड़ा ठंडा हो जाने दो, फिर परोस देना।' दादी उसकी पीठ थपथपाती हुई कमरे में चली गईं। मम्मी अभी सो रही थीं। दिल्लू ने सोचा क्यों न दलिया चखकर देखा जाए। पहली बार खुद से कोई चीज बनाई है। पता नहीं कैसा स्वाद हो। मम्मी को अच्छी लगे न लगे। उसने कटोरे में दलिया निकाला। डरते-डरते एक चम्मच मुंह में रखा। स्वाद पाते ही उसका चेहरा खिल उठा। दलिया तो बहुत अच्छा बना था। 'वाह क्या स्वाद है!' एक चम्मच... दो चम्मच... तीन चम्मच... वह खाता ही रहा। 'मम्मी के लिए दोबारा बना लूंगा।' उसने सोचा।

दादी बाथरूम से लौट रही थीं। दिल्लू को देखकर बोलीं, 'तुम तो कहते थे तुम्हें दलिया पसंद नहीं है।' 'पर आज से अच्छा लगने लगा है।' दिल्लू हंसकर बोला।

'लेकिन तुमने पिज्जा ऑर्डर किया था। उसका क्या होगा?' दादी को भी हंसी आ गई। 'वह ऑर्डर तो मैंने कैंसिल कर दिया।' दिल्लू ने कहा और पैन में बचा दलिया कटोरे में उड़ेल लिया। *

## रंग भरो-195

**रंग भरो-195** में दिए गए चित्र को तुम लोगों ने बहुत अच्छे से रंगकर हमें भेजा। उनमें से चुना गया सबसे अच्छा चित्र हम यहां प्रकाशित कर रहे हैं। उसे रंगकर भेजने वाले बच्चे के चित्र के साथ कुछ अन्य बच्चों के नाम और चित्र भी प्रकाशित कर रहे हैं।





सरस्वती, दिल्ली



वेदिका, कोरबा



डिंपल, दुर्ग



पूर्वी, खैरागढ़



कल्पित, बालोद



श्रुति, भिवानी

इनके भी चित्र रहे प्रशंसनीय

पयोधि-अंबिकापुर, आन्या-दुर्ग, आदित्य-खैरागढ़, अनुभव-सूरजपुर, चेतन-दुर्ग, धरनी-दुर्ग, प्रतिभा-सारंगढ़ बिलाईगढ़, खुशी-रोहतक, रितेश-मटियारी, कविता-कटनी, हितेश-दिल्ली, राकेश-धमतरी, अंकित-गुना, आकाश-बलौदा बाजार

## रंग भरो 196



बच्चो, यहां एक क्यूट-से पांडा का ब्लैक एंड व्हाइट चित्र दिया गया है। इस चित्र को मनचाहे रंगों से रंग कर हमें भेजो। जिस बच्चे का चित्र सर्वश्रेष्ठ होगा, उसे हम बालभूमि में प्रकाशित करेंगे। चित्र के साथ अपनी फोटो, अपना और शहर का नाम हमें इस पते पर भेजो- संपादक - फीचर, हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सेंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली- 110035 या ई-मेल आईडी balbhoomi-hb@gmail.com पर मेल करो।

## खबर संक्षेप

### कार की टक्कर से बाइक सवार दो गंभीर

जींद। गांव रजाना खुर्द के निकट के तेजरफ्तार कार की टक्कर से बाइक सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना को अंजाम देकर चालक कार समेत मौके से फरार हो गया। पुलिस मामले की जांच कर रही है। गांव बहादुरगढ़ निवासी मनजीत, दीपक बीती देर बाइक पर सवार होकर जींद से गांव की तरफ जा रहे थे। रजाना खुर्द के निकट सामने से आ रही तेजरफ्तार कार ने बाइक को टक्कर मार दी।

### दहेज प्रथा की समाप्ति के लिए प्रशासन का सहयोग करें

जींद। जुलाना के एसडीएम होशियार सिंह ने बताया कि दहेज लेना व देना कानून अपराध है और दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने आमजन से अपील की कि वे दहेज प्रथा को समाप्त करने में प्रशासन का सहयोग करें। अगर किसी व्यक्ति के साथ ऐसा अपराध होता है तो वे तुरंत कार्यालय के दूरभाष नंबर 01683-298098 पर सम्पर्क कर सकते है।

### निःशुल्क हृदय जांच शिविर सात को

जींद। कर्नल डीके भारद्वाज ने बताया कि आगामी सात फरवरी को गोहाना रोड स्थित सैनिक वाटिका में सैनिकों और आमजन के लिए निशुल्क हृदय जांच शिविर का आयोजन किया जाएगा। इसमें मेट्रो हार्ट इंस्टिट्यूट नोएडा के सीनियर कार्डियोलॉजिस्ट मुमुक्षु आर्य की टीम हृदय संबंधी परेशानियों का चेकअप व मेडिकल परामर्श देंगें। इसमें हरियाणा सरकार के पूर्व व वर्तमान कर्मचारी, अन्य किसी भी बीमारी का मेट्रो अस्पताल नोएडा में मुफ्त इलाज किया जाएगा।

### निबंध लेखन में प्रिया प्रथम, अंतिम द्वितीय

अलेवा। राजकीय महाविद्यालय अलेवा में महिला प्रकोष्ठ एवं लोक प्रशासन विभाग के संयुक्त तत्वाधान में निबंध लेखन, भाषण एवं पोस्टर बनाओ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य मुनीश कुमार ने की पोस्टर बनाओ में काफी ने प्रथम, नेहा द्वितीय तथा कुमारी अन्नू ने तृतीय। निबंध लेखन में प्रिया व अंतिम ने क्रमशः प्रथम तथा द्वितीय स्थान, जबकि प्रीति तीसरे स्थान पर रही।

### महिला से अश्लील हरकत, मामला दर्ज

जींद। गांव खातला में महिला से अश्लील हरकत करने तथा विरोध करने पर सदर थाना सफीदों पुलिस ने एक व्यक्ति के खिलाफ मारपीट तथा छेड़छाड़ का मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। गांव खातला निवासी एक महिला ने पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई है।

### घर में घुसकर अश्लील हरकत, विरोध पर पीटा

जींद। घर में घुस कर महिला से अशील हरकत करना तथा विरोध करने पर शहर थाना पुलिस ने मां व बेटा के खिलाफ अशील हरकत करने, मारपीट करने समेत विभिन्न भारतीय न्याय संहिता के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। शहर थाना इलाके की एक महिला ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गत दिवस वह घर में अकेली थी। उसी दौरान पड़ोसी रमन उसके घर मे घुस आया और अशील हरकत करने लगा। शोर मचाने पर आरोपित धमकी देते फरार हो गया।

### योग भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर

अलेवा। डाहौला के न्यू प्रगति सीनियर सेकेंडरी स्कूल में आयुष विभाग द्वारा सूर्य नमस्कार पर आधारित योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसकी अध्यक्षता प्राचार्या लाजवंती ढिल्लो ने की। इसमें मुख्य तौर पर योग सहायक संदीप ने हिस्सा लिया।

### 1933 पर दें ड्रग्स तस्करी की गुप्त जानकारी : डीसी

जींद। डीसी मोहम्मद इमरान रजा ने बताया कि केंद्र सरकार ने नशे के खिलाफ राष्ट्रीय नारकोटिक्स हेल्पलाइन मानस 1933 शुरू किया हुआ है। हेल्पलाइन देश को 2047 तक नशा मुक्त बनाने के लक्ष्य को साकार करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। हेल्पलाइन नंबर 24 घंटे चालू रहता है। लोग इस पर ड्रग्स तस्करी की जानकारी साझा करें।

## मनरेगा बचाओ संघर्ष अभियान: राष्ट्रपति को भेजा ज्ञापन

# जींद-कैथल में कांग्रेस का ऐतिहासिक शक्ति प्रदर्शन

**वर्ष में 200 दिन काम की गारंटी के साथ मनरेगा बहाली की मांग**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर मनरेगा बचाओ संघर्ष अभियान के तहत जींद जिला मुख्यालय पर गुरुवार को कांग्रेस पार्टी ने प्रदर्शन किया और राष्ट्रपति को ज्ञापन भेजा। कांग्रेस के जिला प्रधान रिषिपाल हैबतपुर की अध्यक्षता में आयोजित इस धरना व प्रदर्शन में कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ-साथ बड़ी संख्या में मनरेगा मजदूर भी तसले, कस्सी जैसे औजारों के साथ पहुंचे। अपने जोरदार संबोधन में कांग्रेस के जिला प्रधान रिषिपाल हैबतपुर ने भाजपा सरकार पर सीधा और तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि मनरेगा का नाम बदलकर वीबीजी रामजी करना और नए कानून लाना मजदूरों के अधिकारों पर सीधा हमला है। उन्होंने दो टूक शब्दों में कहा कि कांग्रेस पार्टी गरीबों, मजदूरों और किसानों के साथ मजबूती से खड़ी है। मनरेगा पर हमला सीधे-सीधे गरीब के पेट पर लात है। भाजपा सरकार मजदूरों से काम छीनने की साजिश कर रही है लेकिन कांग्रेस इसका हर मोर्चे पर मुंहतोड़ जवाब देगी। रिषिपाल हैबतपुर ने यह भी स्पष्ट किया कि मनरेगा महज एक योजना नही बल्कि करोड़ों गरीब परिवारों की जीवन रेखा है।



जींद। कार्यकर्ताओं को संबोधित करते कांग्रेस जिलाध्यक्ष रिषिपाल हैबतपुर।



कलायत उप मंडल मुख्यालय पर धरने पर बैठे विधायक विकास सहारण व कार्यकर्ता।

### यह रहे मौजूद

इस मौके पर जिला प्रभारी रिषी यादव, पूर्व सांसद सुरेंद्र बरवाला, पूर्व मंत्री रामभज लोधर, पूर्व विधायक सूरजभान काजल, पूर्व विधायक सुभाष गांगोली, पूर्व विधायक सूबे सिंह पूनियाख पूर्व जिलाध्यक्ष बलराम कटवाल, सांसद प्रतिनिधि वजीर पंडित, पूनम चौहान, जगबीर ढिगाना, रघबीर भारद्वाज, सारंग शमशेर ढाठरथ, सतपाल सतू, विजेंद्र ढाठरथ, राजू लखीना, पूर्व युवा जिलाध्यक्ष दिनेश डाहोला, दीपक पिंडारा आदि मौजूद रहे।

### जनविरोधी नीतियों से गरीबी-बेरोजगारी बढ़ी

कलायत। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर कलायत के उप मंडल मुख्यालय पर मनरेगा बचाओ संग्राम अभियान के तहत विधायक विकास सहारण के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं धरना दिया। रोष प्रदर्शन करते एसडीएम के माध्यम से राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन भी सौंपा गया। विधायक सहारण ने कहा कि भाजपा सरकार ने न केवल जानबूझकर मनरेगा का नाम बदला है बल्कि इसका बजट घटाकर और भुगतान रोककर गरीब, दलित, पिछड़े और ग्रामीण मजदूरों को भुखमरी एवं पलायन की तरफ धकेल दिया है। सरकार की मजदूर-विरोधी नीतियों के कारण गरीबी एवं बेरोजगारी निरंतर बढ़ रही है। आरोप लगाया की सरकार का नाम बदलने का जुनून अब योजनाओं तक सीमित नहीं रहा। वह उन प्रतीकों को भी बदलना चाहती है जो आज भी भारत की पहचान बने हैं। मनरेगा सीधे तौर पर महात्मा गांधी के नाम, विचारों, सत्य, अहिंसा और सामाजिक न्याय से जुड़ा है। ऐसे में सवाल उठता है कि गांधी वैश्विक स्तर पर स्वीकार्य हैं तो देश के भीतर उनसे जुड़ी योजनाओं के नाम बदलने की जरूरत क्यों महसूस की गई। रोजगार के कानूनी अधिकार को भगवान राम के नाम के साथ जोडना किसी भी दृष्टि से उचित नहीं है।

## एबीवीपी ने वाणिज्य विभागाध्यक्ष को सौंपा ज्ञापन

■ शैक्षणिक भ्रमण व सेमिनार न होने से विद्यार्थियों का भविष्य प्रभावित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद



जींद। मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपते हुए एबीवीपी छात्र नेता।

चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय के प्रबंधन और वाणिज्य विभाग में अध्ययनरत छात्रों ने विभाग से जुड़ी गंभीर शैक्षणिक समस्याओं को लेकर विभागाध्यक्ष को ज्ञापन सौंपा। विद्यार्थियों ने ज्ञापन के माध्यम से प्रबंधन विभाग में लंबे समय से शैक्षणिक भ्रमण, इंडस्ट्रियल टूर, सेमिनार, वर्कशॉप एवं गेस्ट लेक्चर जैसे आवश्यक शैक्षणिक कार्यक्रमों के आयोजन न होने पर चिंता व्यक्त की। एबीवीपी नेता मयंक बंसल ने बताया कि प्रबंधन जैसे व्यावसायिक एवं व्यवहारिक विषय में केवल कक्षा कक्ष में पढ़ाया गया सैद्धांतिक ज्ञान पर्याप्त नही होता बल्कि विद्यार्थियों को उद्योगों, संस्थानों एवं कार्यस्थलों का प्रत्यक्ष अनुभव मिलना अत्यंत आवश्यक है। दुर्भाग्यवश, बीते लंबे समय से प्रबंधन विभाग द्वारा किसी भी प्रकार का शैक्षणिक भ्रमण या इंडस्ट्रियल टूर आयोजित नहीं किया गया। जिसके कारण विद्यार्थियों को वास्तविक प्रबंधन प्रक्रियाओं को समझने का अवसर नहीं मिल पा रहा है। इंडस्ट्रियल टूर प्रबंधन शिक्षा का एक अनिवार्य हिस्सा है। इसके माध्यम से विद्यार्थी उद्योगों की कार्यप्रणाली,विपणन रणनीतियों एवं प्रशासनिक ढांचे को प्रत्यक्ष रूप से समझते हैं लेकिन इंडस्ट्रियल टूर के अभाव में विद्यार्थियों का ज्ञान केवल पुस्तकों तक सीमित रह गया है।



कन्या भ्रूण हत्या न करने की शपथ दिलाते स्वास्थ्यकर्मी। फोटो :हरिभूमि

### कन्या भ्रूण हत्या के खिलाफ किया प्रेरित

जींद। बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अभियान तथा पीएनडीटी एक्ट के प्रति आमजन को जागरूक करने के उद्देश्य से उपस्वास्थ्य केंद्र जाजवान में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में गांव की महिलाओं, किशोरियों एवं ग्रामीणों ने भाग लिया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य समाज में लिंगानुपात में सुधार लाना, कन्या भ्रूण संरक्षण के प्रति लोगों को जागरूक करना तथा भ्रूण हत्या जैसी सामाजिक बुराइयों पर रोक लगाना रहा। इस अवसर पर उप स्वास्थ्य केंद्र जाजवान पर तैनात स्वास्थ्य कर्मी रिनु शर्मा एवं सुनीता कुमारी ने ग्रामीणों को बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अभियान के उद्देश्य एवं लाभों की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि बेटियों को जन्म देना और उन्हें शिक्षा देना समाज के संतुलित विकास के लिए अत्यंत आवश्यक है।


### करियर विकास विषय पर कार्यशाला का आयोजन

राजौंद। किठाना कालेज ऑफ एजुकेशन किठाना में नई शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत शिक्षकों के लिए शैक्षिक गुणवत्ता एवं करियर विकास विषय पर एक दिवसीय आनलाइन कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला के मुख्य संरक्षक रामफल ढांडा, संरक्षक एम डी विकास ढांडा संयोजक मुख्य वक्ता के रूप में डॉ पूजा प्राचार्या जे सी कॉलेज ऑफ़ एजुकेशन जेसीसीई असंध करनाल किठाना कॉलेज की प्राचार्या डॉ. निर्मल सिंहरोहा तथा सह-संयोजक के रूप में डॉ. सुमन मलिक ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

डॉ पूजा ने बताया कि नई शिक्षा नीति 2020 का मुख्य उद्देश्य शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार लाना तथा शिक्षकों को व्यावसायिक रूप से सशक्त बनाना है। उन्होंने बताया कि वर्तमान समय में शिक्षक की भूमिका केवल ज्ञान देने तक सीमित नहीं है,बल्कि विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में भी उनकी महत्वपूर्ण भूमिका है।

### इलेश खेलो इंडिया के लिए चयनित

कैथल। इंफाल में 23 से 28 जनवरी,2026 तक आयोजित स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया में हरियाणा प्रदेश की ओर से शामिल जूडो, -90 किलोग्राम भार, अंडर 17 प्रतियोगिता में ओ एस डीएवी स्कूल कैथल के 11वीं कक्षा के छात्र इलेश संगडोया ने तृतीय स्थान प्राप्त कर अपने विद्यालय और हरियाणा प्रदेश को गौरवान्वित किया है।विद्यालय पहुंचने पर प्रधानाचार्या अंजु तलवाड़, अध्यापकवर्ग और समस्त छात्रों ने इलेश का गर्मजोशी के साथ स्वागत किया। इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाचार्या तलवाड़ ने प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि इलेश ने राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर राज्य और विद्यालय के नाम को रौशन किया है। भविष्य में और अधिक उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए प्राचार्या तलवाड़ ने इलेश की उज्ज्वल भविष्य की मंगल कामना की।



छात्र इलेश संगडोया को सम्मानित करती प्रधानाचार्य अंजु तलवाड



जुलाना। विजेता छात्राओं को सम्मानित करते प्राचार्य। फोटो :हरिभूमि

### विजेता छात्राओं को किया सम्मानित

जुलाना। जींद के राजकीय कन्या वमावि में जिला स्तरीय कानूनी साक्षरता प्रतियोगिता का आयोजन किया। जिसमें पीएम श्री राजकीय कवमावि जुलाना के छात्राओं ने शानदार प्रदर्शन करते निबंध प्रतियोगिता में वृंदा ने जिले में पहला स्थान प्राप्त किया कविता पाठ में आकृति तीसरे स्थान पर रही। भाषण प्रतियोगिता में आरती ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। डॉक्यूमेंट्री फिल्म में अन्नू ने जिले में तीसरा स्थान प्राप्त किया। स्कूल पहुंचने पर विद्यालय के प्राचार्य सुनील सिंह नेहरा ने बच्चों को मेडल पहना कर एवं नगद पुरस्कार देकर सम्मानित किया। सुनील नेहरा ने बताया कि छह फरवरी को कमिश्नरी लेवल पर कानूनी साक्षरता प्रतियोगिता का आयोजन हिसार में करवाया जाएगा। जिसमें हरियाणा के पांच जिलों के छात्र व छात्राएं भाग लेंगे।

### आत्मनिर्भर बनने के लिए किया प्रेरित

कैथल। राजकीय महिला महाविद्यालय, कलायत में महिला प्रकोष्ठ एवं इतिहास विभाग के संयुक्त तत्वावधान में एक एक्सटेंशन लेक्चर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में डॉ. रश्मि, विभागाध्यक्ष इतिहास हिंदू कन्या महाविद्यालय, जींद को आमंत्रित किया। व्याख्यान का विषय "महिला सशक्तिकरण: इतिहास के आईने में" रहा। विषय के उपरांत महिला प्रकोष्ठ की प्रभारी रीनू रानी ने मुख्य वक्ता का स्वागत किया और कार्यक्रम के उद्देश्य पर प्रकाश डाला। डॉ. रश्मि ने प्राचीन काल से लेकर आधुनिक समय तक महिलाओं की सामाजिक स्थिति, संघर्ष एवं उपलब्धियों पर विस्तार से प्रकाश डाला तथा छात्राओं को आत्मनिर्भर और सशक्त बनने के लिए प्रेरित किया।कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य सुनील गर्ग ने की।




डॉ. रश्मि राजकीय कालेज कलायत में छात्राओं को संबोधित करते।



मिलेनियम वर्ल्ड स्कूल में छात्राओं को सम्मानित करते शिक्षकगण।

### संस्कारों को आत्मसात करने का संदेश

गुहला-चीका। मिलेनियम वर्ल्ड स्कूल चीका में कक्षा बारहवीं के बोर्ड विद्यार्थियों के लिए 5 फरवरी को आयोजित होने वाले "गुरु दक्षिणा दिवस" (विदाई समारोह) की भावनात्मक और संस्कारयुक्त झलक देखने को मिली। यह आयोजन परंपरागत पश्चिमी फेयरवेल से हटकर भारतीय संस्कृति, आध्यात्मिक चेतना और नैतिक मूल्यों से जुड़ा सराहनीय व अनूठा प्रयास रहा। कार्यक्रम की शुरुआत दिव्य आशीर्वाद के साथ हवन-यज्ञ द्वारा की गई, जिसमें विद्यार्थियों ने पूर्ण श्रद्धा और मनोयोग से सहभागिता की। इसके पश्चात सम्मान समारोह का आयोजन किया, जिसमें शिक्षकों द्वारा विद्यार्थियों को बैज एवं उपहार भेंट किए गए। प्रधानाचार्य राजन शर्मा ने विद्यार्थियों को संबोधित करते जीवन में नैतिकता, अनुशासन और संस्कारों को सदैव आत्मसात करने का संदेश दिया।



राजौंद। सूर्य नमस्कार कार्यक्रम में भाग लेते विद्यार्थी । फोटो :हरिभूमि

### योग से सर्वांगीण विकासः सुनीता

राजौंद। हरियाणा योग आयोग एवं आयुष विभाग द्वारा 12 जनवरी से 12 फरवरी तक चलाए जा रहे सूर्य नमस्कार अभियान के तहत सूर्य नमस्कार कार्यक्रम का आयोजन किया। डॉ. शकुंतला दहिया जिला आयुर्वेदिक अधिकारी के मार्गदर्शन में आरोही मॉडल सीनियर सेकंडरी स्कूल सोंगरी में संदीप कुमार, रीना आयुष योग सहायकों के माध्यम से सूर्य नमस्कार प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विद्यालय की प्रधानाचार्य डाक्टर सुनीता आहूजा ने बताया कि विद्यालय में योग से सम्बंधित एक्टिविटी का आयोजन समय समय पर करवाया जाता है,ताकि बच्चों की बुद्धि का विकास अच्छे से हो सके और विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास किया जा सके। बताया कि सूर्य नमस्कार की ट्रेनिंग के दौरान बताया कि सूर्य नमस्कार 12 आसन समूह है।

## अमेरिका के साथ ट्रेड डील का विरोध

समा हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

शिवपुरी कॉलोनी में वीरवार को भारतीय किसान यूनियन की मासिक बैठक का आयोजन किया गया। इसकी अध्यक्षत सुभाष घिमाना ने की और बैठक में ट्रेड डील समझौते का विरोध किया गया। जो केंद्र सरकार ने अमेरिका के साथ किया है। भाकियू के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रामफल कंडेला ने अमेरिका के साथ किए जा रहे कथित कृषि उत्पाद समझौते का किसानों की पीठ में छुरा घोंपने जैसा कदम बताया। कंडेला ने कहा कि यह ट्रेड डील देश के किसानों को बर्बाद करने वाली और खेती को कॉरपोरेट घरानों के हवाले करने की साजिश लग रही है। भारत सरकार विदेशी दबाव में आकर किसानों की रोजी रोटी को बेचने पर तुली हुई है। रामफल कंडेला ने कहा कि इस डील से अमेरिकी कृषि उत्पादों पर आयात शुल्क शून्य हो जाएगा। जिससे भारतीय बाजार में अमेरिका के सस्ते और अत्यधिक सब्सिडी वाले उत्पादों की बाढ़ आ जाएगी। इससे स्थानीय फसलों की कीमतें गिर सकती हैं और छोटे किसानों की आजीविका संकट में पड़ सकती है। रामराजी ढुल ने कहा कि अमेरिकी डेयरी उत्पादों को भारतीय बाजार में जगह मिलने से दूध की स्थानीय कीमतों में 15 प्रतिशत तक की गिरावट आ सकती है। जिससे भारतीय पशुपालकों को आर्थिक नुकसान होगा।



जींद। बैठक में भाग लेते हुए भाकियू पदाधिकारी। फोटो :हरिभूमि



कलायत। विद्यार्थियों के साथ अधिकारी व शिक्षक। फोटो :हरिभूमि

### रामगढ़ का राजकीय स्कूल चमका

कलायत। हरियाणा विधिक सेवा प्राधिकरण और हरियाणा शिक्षा विभाग के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित जिला स्तरीय विधिक साक्षरता प्रतियोगिताओं में कलायत के गांव रामगढ़ पांडवा में स्थित राजकीय आरोही माडल स्कूल के विद्यार्थियों का बेहतरीन प्रदर्शन रहा। कानूनी साक्षरता प्रकोष्ठ प्रभारी एवं राजनीति विज्ञान प्राध्यापक जितेंद्र राठौड़ ने बताया कि प्रतियोगिता कैथल के राजकीय कवमावि जाखोली में हुआ। ब्लॉक स्तरीय प्रतियोगिता में प्रथम द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता में आरोही स्कूल के विद्यार्थियों ने 10 में से 6 विधाओं में अपना लोहा मनवा कर मंडल स्तरीय प्रतियोगिता के लिए क्वालीफाई किया है। प्रश्नोत्तरी, स्लोगन राइटिंग में प्रथम, पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन, पेंटिंग में द्वितीय ,वाद विवाद व कविता पाठ प्रतियोगिता में तृतीय स्थान प्राप्त किया।

## सात दिवसीय विशेष शिविर के चतुर्थ दिन सीखे योग के गुर

# स्वयंसेवक सकारात्मक दृष्टिकोण अपनाएंः डा. प्रेम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

राजकीय महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर के चतुर्थ दिवस की शुरुआत प्रातःकालीन योगाचार्य सूर्य देव द्वारा करवाई गई। योग एवं प्राणायाम की गतिविधियों से की गई। योग सत्र के दौरान स्वयंसेवकों को शारीरिक एवं मानसिक रूप से स्वस्थ रहने के लिए योग के महत्व से अवगत कराया गया। प्रातः सत्र में सर्वप्रथम नेशनल टास्क फोर्स (छात्रों के मानसिक स्वास्थ्य) की नोडल अधिकारी डा. प्रेम पूनम ने मानसिक स्वास्थ्य के महत्व पर प्रकाश डालते तनाव प्रबंधन एवं आत्महत्या रोकथाम जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से जानकारी दी तथा स्वयंसेवकों को सकारात्मक जीवन दृष्टिकोण अपनाने हेतु प्रेरित किया। इसके पश्चात राजकीय महाविद्यालय जींद के रोड सेफ्टी क्लब के प्रभारी लेफ्टिनेंट पंकज बत्तरा द्वारा सड़क सुरक्षा विषय पर व्याख्यान दिया गया। उन्होंने यातायात नियमों के पालन, हेलमेट एवं सीट बेल्ट के उपयोग तथा सुरक्षित ड्राइविंग के महत्व के बारे में स्वयंसेवकों को जागरूक किया। इसके उपरांत डा. सतीश मलिक द्वारा शारीरिक फिटनेस विषय पर स्वयंसेवकों को संबोधित किया गया। उन्होंने नियमित व्यायाम, संतुलित आहार एवं अनुशासित दिनचर्या के महत्व को उदाहरणों के माध्यम से सरल रूप में समझाया। दोपहर के भोजन उपरांत सत्र में स्वयंसेवकों द्वारा एनएसएस गीत का अभ्यास कर सामूहिक रूप से गायन किया गया। जिससे स्वयंसेवकों में एकता, अनुशासन एवं संगठनात्मक भावना का विकास हुआ। इसके पश्चात युवाओं के विकास में एनएसएस की भूमिका विषय पर निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें स्वयंसेवकों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए अपने विचार प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किए। शाम के समय स्वयंसेवकों की रचनात्मक प्रतिभा को प्रोत्साहित करने हेतु सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जिसमें गीत, नृत्य एवं अन्य सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गई। इस मौके पर भगवान दास एवं रीतु भी मौजूद रही।



जींद। शिविर में योग करते साधक। फोटो :हरिभूमि

### केवाईसी लापरवाही से तीन माह बाद लौटाया चेक

गुहला चीका। एक्सिस बैंक, की चीका शाखा में के वाई सी अपडेट को लेकर भारी लापरवाही का मामला सामने आया है। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय अगोंध से संबंधित बैंक खाते से जारी किया गया चेक लगभग तीन महीने बाद यह कहकर वापस कर दिया गया कि खाता फ्रीज़ है, जिससे विद्यालय प्रशासन स्तब्ध रह गया। विद्यालय प्रबंधन के अनुसार अक्टूबर माह में विद्यालय के चाइल्ड वेल्फेयर फंड से एक चेक काटा गया। इसके कई दिन बाद जब बैंक की तरफ से आवश्यक कारवाई नहीं हुई तो विद्यालय का नुमाइंदा बैंक मे गया तो बैंक ने कहा आपका संबंधित खाता फ्रीज़ है, के वाई सी करवानी होगी। 31 दिसंबर 2025 को ही विद्यालय स्टाफ एवं प्राचार्य द्वारा जरूरी दस्तावेज बैंक शाखा चीका में जमा करवा दिए गए थे, इसके बावजूद खाता फ्रीज़ रखा गया। चेक लौटने के बाद स्थिति स्पष्ट हुई, जिससे विद्यालय के आवश्यक कार्य बुरी तरह प्रभावित हुए।

ग्राम पंचायत जलालपुर खुर्द
ब्लाक व जिला जीन्द (हरियाणा), मो०- 9350363886, 9255394633
नियुक्ति हेतु सूचना
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत जलालपुर खुर्द, खण्ड-जीन्द व जिला जीन्द में सफाई कर्मचारी का एक पद रिक्त है। सफाई कर्मचारी के पद पर नियुक्ति के लिए खण्ड विकास एवं पंचायत कार्यालय जीन्द द्वारा आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं।
1) आवेदन जमा करवाने की तिथि : 16 से 23 फरवरी 2026 (शनिवार व रविवार छोड़कर)
2) साक्षात्कार की तिथि : 2 मार्च 2026
3) आवेदन पत्र प्राप्त व जमा करवाने का स्थान : कार्यालय, खण्ड विकास एवं पंचायत अधिकारी, जीन्द
आवेदन के लिए निम्नलिखित योग्यता निर्धारित की गई है।
1) आवेदक शारीरिक रूप से स्वस्थ हो तथा सफाई का कार्य करने के लिए इच्छुक हो।
2) आवेदक गाँव का स्थाई निवासी हो तथा अनुसूचित जाति को प्राथमिकता दी जाएगी।
3) आवेदक की आयु 18 वर्ष से 45 वर्ष के बीच हो।
4) शैक्षणिक योग्यता - 8वीं (मिडल पास)।
सवितादेवी, सरपंच, ग्राम पंचायत जलालपुर खुर्द, Ph.No-9255394633
दीपक ढुल, ग्राम सचिव, 9416513907

## खबर संक्षेप

### किशोर शिक्षा कार्यक्रम में लहराया परचम

**सीवन।** डाइट कैथल द्वारा गठित किशोर शिक्षा कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं में गीता एस.डी. वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, सीवन के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए विद्यालय और क्षेत्र का नाम रोशन किया। विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा, आत्मविश्वास और मेहनत के बल पर कई प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट स्थान प्राप्त किए। प्रधानाचार्य राजेश मुंजाल ने बताया कि कार्यक्रम के दौरान आयोजित रंगोली प्रतियोगिता में 12वीं नॉन मेडिकल की छात्रा त्रिशला एवं उसके ग्रुप ने प्रथम स्थान हासिल कर सभी को प्रभावित किया। वहीं पेंटिंग प्रतियोगिता में कक्षा 10वीं के छात्र प्रिंस ने अपनी कलात्मक प्रतिभा का बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया।

### संत समिति हरियाणा की प्रांतीय बैठक संपन्न



**जींद।** अखिल भारतीय संत समिति हरियाणा प्रदेश की प्रांतीय बैठक विधिवत रूप से संपन्न हुई। इस पावन कार्यक्रम की अध्यक्षता पूज्य स्वामी ब्रह्मस्वरूप महाराज (छुड़ानी धाम) ने की। बैठक में बड़ी संख्या में संत, महात्माओं की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम के दौरान सनातन धर्म की रक्षा, गौ माता एवं गंगा माता के संरक्षण तथा भारत माता की सुरक्षा जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से प्रकाश डाला गया। साथ ही हिंदू राष्ट्र की संकल्पना एवं उसके निर्माण को लेकर भी गंभीर विचार विमर्श किया गया।

### विज्ञान प्रश्नोत्तरी में छात्रों का उत्कृष्ट प्रदर्शन

**राजौंद।** विद्यालय के लिए विद्यार्थी साक्षी,अंशिका एवं रीतू ने ब्लॉक स्तरीय विज्ञान प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम रोशन किया। खंड शिक्षा अधिकारी संदीप नैन द्वारा सफल विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र एवं पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया।इस दौरान प्रधानाचार्या डॉ सुमन ढांडा ने कहा कि यह सफलता विद्यार्थियों की मेहनत, शिक्षकों के मार्गदर्शन और निरंतर अभ्यास का परिणाम है।विद्यालय के प्रबंध निदेशक विकास ढांडा ने कहा हमारा उद्देश्य केवल परीक्षा तक सीमित शिक्षा नहीं, बल्कि वैज्ञानिक दृष्टिकोण और नवाचार को बढ़ावा देना है।

### दिव्यांग कर्मियों के हक़ पर हमला : सुरजेवाला

**कैथल।** भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस महासचिव एवं सांसद रणदीप सिंह सुरजेवाला ने हरियाणा भाजपा सरकार के हालिया फैसले की कड़ी निंदा की है, जिसमें दिव्यांग और दृष्टिबाधित सरकारी कर्मचारियों की रिटायरमेंट आयु को 60 वर्ष से घटाकर 58 वर्ष कर दिया गया है। सुरजेवाला ने कहा कि पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय ने स्पष्ट फैसला दिया था कि 40 प्रतिशत या उससे अधिक दिव्यांगता वाले सभी कर्मचारी एक समान वर्ग हैं। 70 और 40 प्रतिशत के बीच भेदभाव असंवैधानिक है।

### हेल्थ चेकअप कैंप व छात्र सेमिनार का आयोजन

**पूंडरी।** चौधरी ईश्वर सिंह कन्या महाविद्यालय, फतेहपुर-पूंडरी में चौधरी तेजवीर सिंह के नेतृत्व में रेड क्रॉस सेल, एनएसएस सेल एवं विमेंस सेल के संयुक्त तत्वावधान में एनएसएस शिविर के तीसरे दिन हेल्थ चेकअप कैंप एवं छात्र सेमिनार का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना तथा सामाजिक जिम्मेदारियों से परिचित कराना रहा।

### भाविप ने शिव गोशाला में दी दवाइयां व सामग्री

**पूंडरी।** भारत विकास परिषद शाखा फतेहपुर पूंडरी की ओर से शिव गोशाला में गोवंश की देखभाल और संरक्षण को लेकर सराहनीय पहल की गई। परिषद की तरफ से गोशाला में बीमार एवं जरूरतमंद गोवंश के उपचार के लिए आवश्यक दवाइयां एवं अन्य उपयोगी सामग्री भेंट की गई, जिससे गोवंश की सेहत और देखरेख को मजबूती मिल सके।

---

हरियाणा शिक्षा बोर्ड ने सभी डीईओ को पत्र जारी किए

# वार्षिक परिणाम से असंतुष्ट विद्यार्थी जुलाई में दोबारा परीक्षा दे सकेंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

वार्षिक परिणाम से असंतुष्ट सीनियर सेकेंडरी स्कूल के विद्यार्थी जुलाई में दोबारा से परीक्षा दे सकेंगे। दोनों में जिस परीक्षा परिणाम में विद्यार्थी के अधिक अंक होंगे, उसे प्राथमिकता दी जाएगी। विद्यार्थी अधिकतम तीन विषयों में दोबारा परीक्षा दे सकता है। ऐसे में विद्यार्थियों को अपना परिणाम सुधारने में मदद मिलेगी। इसके लिए हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड ने प्रदेश के सभी जिला शिक्षा अधिकारी, बोर्ड से संबद्धता प्राप्त सभी विद्यालयों मुख्याध्यापक या प्रधानाचार्य व संबंधित सभी गुरुकुलों व विद्यापीठों के संचालक के नाम पत्र जारी किया है। शैक्षिक सत्र 2025-26 से हरियाणा शिक्षा बोर्ड ने सभी विद्यालयों में सीनियर सैकेंडरी कक्षा में अध्ययनरत विद्यार्थियों की वर्ष में दो बार मुख्य अथवा वार्षिक परीक्षा का आयोजन करवाने का निर्णय लिया गया है।

#### एक ही परीक्षा माना जाएगा

प्रथम वार्षिक परीक्षा व द्वितीय वार्षिक परीक्षा को संयुक्त रूप से एक ही परीक्षा माना जाना है। इसलिए द्वितीय वार्षिक परीक्षा में प्रविष्ट होने वाले सभी परीक्षार्थियों को आंशिक अंक सुधार व पूर्ण अंक सुधार के लिए दिए जाने वाले अवसर पूर्व की भांति यथावत रहेंगे। द्वितीय वार्षिक परीक्षा के दौरान परीक्षार्थी अपनी स्वेच्छा से एक विषय से लेकर अधिकतम तीन विषयों की परीक्षा में ही प्रविष्ट हो सकते हैं। किसी भी स्थिति में तीन विषयों से अधिक विषयों के लिए आवेदन नहीं किया जा सकता। द्वितीय वार्षिक परीक्षा के लिए आवेदन करते समय परीक्षार्थी विषय परिवर्तन नहीं कर सकता। परीक्षार्थी जिन विषयों में प्रथम वार्षिक परीक्षा में प्रविष्ट हुआ थाए केवल उन्हीं विषयों में से अधिकतम तीन विषयों में द्वितीय वार्षिक परीक्षा में प्रविष्ट हो सकता है।



जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय

#### परीक्षा में निर्धारित शुल्क जमा करवाकर हो सकते हैं दाखिल

यदि कोई परीक्षार्थी प्रथम वार्षिक परीक्षा के दौरान किसी विषय के प्रायोगिक भाग में किसी कारणवश अनुपस्थित रहता है व लिखित परीक्षा में उपस्थित हुआ है तो ऐसे में द्वितीय वार्षिक परीक्षा में उस विषय के केवल प्रायोगिक भाग की परीक्षा में निर्धारित शुल्क जमा करवाते हुए प्रविष्ट हो सकता है। इसी प्रकार यदि कोई परीक्षार्थी किसी विषय की लिखित व प्रायोगिक दोनों भागों में अनुपस्थित रहता है तो वह भी निर्धारित शुल्क जमा करवाते हुए द्वितीय वार्षिक परीक्षा में लिखित व प्रायोगिक दोनों भागों की परीक्षा में प्रविष्ट हो सकता है।

#### कम अंक आने पर सुधार के लिए दोबारा परीक्षा से छात्रों को लाभ : डीईओ

जिला शिक्षा अधिकारी रितु पंघाल ने बताया कि वार्षिक परीक्षा परिणाम से असंतुष्ट सीनियर सेकेंडरी कक्षाओं के विद्यार्थी जुलाई में दोबारा परीक्षा दे सकेंगे। इस सत्र से हरियाणा विद्याल शिक्षा बोर्ड द्वारा यह निर्णय लिया गया है। ऐसे में अगर किसी विद्यार्थी क किसी विषय में वार्षिक परीक्षा परिणाम में कम अंक आते हैं तो वे सुधार के लिए दोबारा से परीक्षा दे सकेंगे। अभी विद्यार्थियों की बोर्ड परीक्षाएं शुरु होने वाली हैं। विद्यार्थियों को चाहिए कि वह बेहतर तरीके से तैयारी करें ताकि अच्छे अंक लेकर उत्तीर्ण हो सके।

---

नागरिक अस्पताल में सर्जिकल सप्ताह का आयोजन

# आयुष्मान सप्ताह के तहत पहले दिन हुई सात सर्जरी

*पहले दिन जिन लोगों की फिटनेस जांच हुई पूरी, उनके किए गए ऑपरेशन*


हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

केंद्र सरकार द्वारा निजी अस्पतालों में आयुष्मान योजना के तहत कई तरह के आप्रेशनों पर रोक लगाई गई है। ऐसे में जरूरतमंद आप्रेशन वाले मरीजों को परेशानी न हो, इसको लेकर जिला मुख्यालय स्थित नागरिक अस्पताल में वीरवार से आगामी 11 फरवरी तक आयुष्मान के तहत सर्जिकल सप्ताह का आयोजन किया गया।

पहले दिन सात सर्जिकल आप्रेशन के लिए लोगों का चयन हुआ और उनका आप्रेशन किया गया।

- अस्पताल में बनाए पांच ऑपरेशन थिएटरों में होंगे ऑपरेशन

हालांकि पहले दिन बहुत कम लोग ही सर्जिकल के लिए आए। उम्मीद है कि आगामी दिनों में यह सख्या बढ़ेगी। वीरवार को जिन लोगों की फिटनेस पूरी हुई, उनके आप्रेशन किए गए। वहीं छोटे-छोटे आप्रेशनों के लिए भी चिकित्सक ओटी में तैयार रहे। आप्रेशन थिएटर के बाहर मरीजों के तिमारदारों की भारी भीड़ रही और आप्रेशन वाले मरीज की फिटनेस के लिए उनके तिमारदार इधर से उधर दौड़ते हुए नजर आए। केंद्र सरकार की आयुष्मान योजना के तहत अब निजी अस्पतालों की अपेक्षा सरकारी अस्पतालों में आप्रेशन करवाए जाएंगे। फिलहाल इसे आयुष्मान सर्जिकल सप्ताह का नाम दिया गया है। इसे लेकर अस्पताल में पांच आप्रेशन थिएटर तैयार किए गए हैं। पहले दिन आप्रेशन के लिए फिटनेस पूरी होने पर सात लोगों का सर्जिकल के लिए चयन हुआ। सर्जरी से संबंधित चिकित्सक पूरे छह दिन तक ओपीडी से आपरेशन थिएटर में ही नजर आएंगे। अस्पताल में घुटना से लेकर कुल्हे तक बदलने की बात कही जा रही है। आप्रेशन के लिए सर्जन व संबंधित चिकित्सक उपलब्ध रहेंए इसके लिए अस्पताल प्रशासन ने चिकित्सकों का रोस्टर भी तैयार कर दिया है। आयुष्मान सप्ताह के तहत पहले दिन जनरल सर्जरी के आप्रेशन नागरिक अस्पताल जींद में हुए। इसी तरह एक आप्रेशन गायकनोलॉजी के तहत हुआ। जबकि नरवाना अस्पताल, सफीदों, उचाना, जुलाना, अलेवा में कोई आप्रेशन नही हुआ।



**जींद।** ऑपरेशन थिएटर के बाहर मौजूद लोग।

#### इन बीमारियों के होंगे ऑपरेशन

*नागरिक अस्पताल में पांच से 11 फरवरी तक दूरबीन से सभी प्रकार के आपरेशन जैसे पित की थैली, हड्डियों के सभी प्रकार के आपरेशन जैसे घुटना या कुल्हा बदलना, आंखों के मोतियाबिंद के आपरेशन, बच्चेदानी के सभी आपरेशन, सभी प्रकार के हार्निया, अपेंडिक्स, टॉसिल का आपरेशन, कान के पर्दे का आपरेशन, गला व जीभ की गांठ का आपरेशनए, अंडकोष में पानी भरना आदि के आपरेशन किए जाएंगे। इसके अलावा भी कई प्रकार के आपरेशन किए जाएंगे। आप्रेशन के लिए अलग-अलग मरीजों के लिए अलग-अलग आपरेशन थिएटर बनाए गए हैं। नागरिक अस्पताल में पहली बार ऐसा हो रहा हैए जब पांचों आपरेशन थिएटर पूरे छह दिन तक चलते रहेंगे। लोग आयुष्मान योजना का लाभ उठा रहे हैं वहीं उपचार करवाने आए रोगीयों ने बताया कि उनके ऑपरेशन पूरी तरह निशुल्क हुए हैं और उन्हें बेहतर सुविधाएं मुहैया हुई हैं।*

#### जांच के तुरंत बाद होंगे ऑपरेशन : डा. राणा

एबी पीएमजेएवाय योजना के नोडल अधिकारी डा. रवि राणा ने बताया कि पांच फरवरी से 11 फरवरी तक सभी छह दिन सुबह व शाम को आप्रेशन किए जाएंगे। आपरेशन के लिए आने वाले मरीजों की जांच के तुरंत बाद उनके आपरेशन होंगे। वीरवार को को सूचिबद्ध लोगों के ऑपरेशन किए गए हैं।

#### लगातार एक सप्ताह तक ऑपरेशन होंगे

कार्यवाहक पीएमओ डा. रघुवीर पूनिया ने बताया कि पहले दिन सात लोगों का सर्जिकल आप्रेशन के लिए चयन हुआ और उनके आप्रेशन किए गए हैं। इसके अलावा अन्य मरीजों का भी आप्रेशन के लिए चयन हुआ है। लगातार एक सप्ताह तक आप्रेशन किए जाएंगे।

जो चिकित्सक शाम को आपरेशन करेंगे, वह सुबह ओपीडी करेंगे। अधिक से अधिक मरीजों के आपरेशन करवाने को लेकर अस्पताल कटिबद्ध है।

---

## ऑस्ट्रेलिया में डा. मिड्ढा ने किया भारत का प्रतिनिधित्व



**जींद।** ऑस्ट्रेलिया में जलवायु परिवर्तन पर आयोजित मीट में भाग लेते हुए डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण मिड्ढा।

- जलवायु परिवर्तन, विधेयक निर्माण में एआई की भूमिका, जलवायु परिवर्त विषयों पर चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

हरियाणा विधानसभा के डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण मिड्ढा ने ऑस्ट्रेलिया में भारत का प्रतिनिधित्व करते हुए जलवायु परिवर्तन जैसे महत्वपूर्ण वैश्विक मुद्दों पर चर्चा की। यह दौरा हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी, पूर्व मुख्यमंत्री मनोहरलाल व विधानसभा अध्यक्ष हरविंद्र कल्याण के नेतृत्व में सात दिवसीय ऑस्ट्रेलिया यात्रा का हिस्सा था। जिसमें उपाध्यक्ष डा. मिड्ढा शामिल हुए।

इस दौरान विभिन्न विधायी और पर्यावरणीय विषयों पर गहन बातचीत हुई। विशेष रूप से जलवायु परिवर्तन, विधेयक निर्माण में कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) की भूमिका और संबंधित नीतिगत मुद्दों पर फोकस रहा। यहां डा. मिड्ढा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल के दूरदर्शी नेतृत्व का हवाला देते हुए भारत की जलवायु कार्रवाई और सतत विकास की प्रतिबद्धता को रेखांकित किया। ऑस्ट्रेलिया में मौजूद विक्टोरिया पार्लियामेंट्री मेलबर्न के मुख्यमंत्री जैकिंटा एलन, अध्यक्ष मैरी एडवर्ड, उपाध्यक्ष मैट फ्रेगॉन मौजूद रहे और उनके साथ अनुसंधान और नवाचार पर चर्चा हुई। जहां जलवायु परिवर्तन से जुड़े अनुसंधान कार्यों की जानकारी सांझा की गई।

#### सहयोग बढ़ाना जरूरी

डा. मिड्ढा ने कहा कि वैश्विक चुनौतियों जैसे जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए भारत और ऑस्ट्रेलिया जैसे देशों के बीच सहयोग बढ़ाना आवश्यक है। एआई का उपयोग विधेयक निर्माण और पर्यावरण नीतियों में तेजी ला सकता है। जिससे अधिक प्रभावी और डेटा आधारित निर्णय लिए जा सकें। दुनिया के तमाम देशों में जलवायु परिवर्तन का प्रभाव साफ देखने को मिल रहा है।

---

### यूजीसी-नेट जेआरएफ में पूजा को बड़ी सफलता

**जींद।** सरस्वती विद्या मंदिर सीनियर सेकेंडरी स्कूल की छात्रा पूजा ने यूजीसी-नेट जेआरएफ परीक्षा में उत्कृष्ट सफलता प्राप्त कर विद्यालय, परिवार एवं जिले को गौरवान्वित किया है। पूजा ने अपनी सम्पूर्ण स्कूली शिक्षा इसी विद्यालय से प्राप्त की है। जो इस उपलब्धि को विद्यालय के लिए और भी विशेष बनाता है। प्रधानाचार्य सुनील शांडिल्य ने बताया कि पूजा ने इस प्रतिष्ठित राष्ट्रीयस्तरीय परीक्षा में 300 में से 202 अंक अर्जित कर 99.96 प्रतिशत हासिल किए हैं। गौरतलब है कि सामान्य वर्ग कट ऑफ 186 अंक रही। जिससे उनकी इस सफलता का स्तर स्पष्ट रूप से परिलक्षित होता है। यूजीसी-नेट जेआरएफ परीक्षा को उच्च शिक्षा एवं शोध के क्षेत्र में प्रवेश का एक महत्वपूर्ण मानक माना जाता है।

## अमेरिका ट्रेड डील पर सरकार तुरंत स्पष्ट करे रुख : गुर्जर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| ढांड

कांग्रेस कमेटी कैथल के जिलाध्यक्ष रामचंद्र गुर्जर ने भारत-अमेरिका प्रस्तावित ट्रेड डील को किसानों के हितों के खिलाफ बताते हुए केंद्र सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि किसानों के साथ किया गया यह कथित विश्वासघात किसी भी कीमत पर स्वीकार नहीं किया जाएगा और कांग्रेस किसानों के हक की लड़ाई सड़क से लेकर संसद तक लड़ेगी।

नई अनाज मंडी स्थित पार्टी कार्यालय में बातचीत करते हुए रामचंद्र गुर्जर ने कहा कि अमेरिका के कृषि मंत्री द्वारा सार्वजनिक रूप से यह कहा गया है कि प्रस्तावित भारत-अमेरिका व्यापार समझौते के



तहत अमेरिकी कृषि उत्पाद भारत में शून्य प्रतिशत आयात शुल्क पर बेचे जा सकते हैं। यदि ऐसा होता है तो इससे भारतीय किसानों की आजीविका पर सीधा असर पड़ेगा।

रामचंद्र गुर्जर ने चेतावनी दी कि यदि सरकार ने इस मुद्दे पर तुरंत स्पष्टीकरण नहीं दिया और किसान विरोधी नीतियां वापस नहीं लीं तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस किसानों के साथ खड़ी है और उनकी लड़ाई हर स्तर पर जारी रहेगी।

### सड़क पर खड़े वाहन मालिकों के खिलाफ सख्ती बरतने के निर्देश

**नरवाना।** एसडीएम जगदीश चंद्र ने नेशनल हाईवे अथॉरिटी तथा नगर परिषद के अधिकारियों को सड़क पर खड़े वाहन मालिकों के खिलाफ शक्ति बरतने के निर्देश दिए। एसडीएम ने स्पष्ट शब्दों में कहा है कि वाहन चालक बाजार व मुख्य सड़कों पर रूटीन में अपने वाहन खड़ा कर देते हैं जहां उनकी पार्किंग नियमानुसार गलत है। आमतौर पर नरवाना के बस स्टैंड के बाहर मुख्य सड़क पर वाहन खड़े मिलते हैं। इसके अलावा सर्विस रोड पर दुकानदार अपना सामान बाहर लगाए होते हैं साथ ही अपनी सुविधानुसार रेहड़ी पटरी वाले भी अपनी दुकान लगा लेते हैं। इससे सड़क पर अन्य वाहनों के आवागमन में भारी समस्या पैदा हो रही है।

## पूर्व सैनिकों ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

- गणतंत्र और स्वतंत्रता दिवस पर निमंत्रण देने की रखी मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जुलाना

गणतंत्र दिवस समारोह में हुई अनदेखी को लेकर क्षेत्र के पूर्व सैनिकों में रोष देखने को मिला। इस संबंध में पूर्व सैनिकों के एक प्रतिनिधिमंडल ने उपमंडल अधिकारी को ज्ञापन सौंपा। पूर्व सैनिकों ने मांग की है कि गणतंत्र दिवस और स्वतंत्रता दिवस जैसे राष्ट्रीय पर्वों के आयोजन में उन्हें भी सम्मानपूर्वक आमंत्रित किया जाए और कार्यक्रमों में उचित स्थान दिया जाए। पूर्व सैनिकों ने ज्ञापन के माध्यम से कहा कि उन्होंने अपने जीवन का महत्वपूर्ण हिस्सा देश की सेवा में समर्पित किया है। सीमाओं की रक्षा से लेकर आंतरिक सुरक्षा तक, उन्होंने हर परिस्थिति में राष्ट्र के लिए कर्तव्य निभाया है। ऐसे में राष्ट्रीय पर्वों पर उनकी उपेक्षा होना उन्हें आहत करता है। उन्होंने कहा कि देश के अधिकांश स्थानों पर पूर्व सैनिकों को इन आयोजनों में अग्रिम पंक्ति में बैठाया जाता है और सम्मान दिया जाता है लेकिन जुलाना में गणतंत्र दिवस समारोह के दौरान उन्हें नजरअंदाज किया गया। जिससे वे स्वयं को ठगा हुआ महसूस कर रहे हैं। पूर्व सैनिकों का कहना है कि राष्ट्रीय पर्व केवल औपचारिक आयोजन नहीं होते बल्कि ये देश की एकताए अखंडता और बलिदान की भावना के प्रतीक होते हैं। ऐसे आयोजनों में पूर्व सैनिकों की उपस्थिति युवाओं को प्रेरणा देती है और राष्ट्रभक्ति का संदेश मजबूत होता है।



**जुलाना।** एसडीएम को ज्ञापन सौंपते पूर्व सैनिक।

---

कैबिनेट मंत्री ने पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस में क्षेत्रवासियों की समस्याएं सुनीं

# कृषि को लाभकारी बनाने के उठाए जा रहे कदम : बेदी

- बोले, किसानों की समृद्धि के बिना प्रदेश की तरक्की संभव नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नरवाना

हरियाणा के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री कृष्ण कुमार बेदी ने कहा है कि मौजूदा राज्य सरकार की नीतियों और योजनाओं का केंद्र बिंदु किसान कल्याण है।

सरकार यह भलीभांति समझती है कि हरियाणा एक कृषि प्रधान राज्य है और किसानों की समृद्धि के बिना प्रदेश की तरक्की संभव नहीं है। इसी सोच के साथ केंद्र व राज्य सरकार मिलकर कृषि को एक लाभकारी व्यवसाय बनाने की दिशा में लगातार ठोस और दूरदर्शी कदम उठा रही है। जिनका सीधा लाभ किसानों के साथ-साथ खेत मजदूरों को भी मिल रहा है। कैबिनेट मंत्री कृष्ण कुमार बेदी वीरवार को स्थानीय पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस में क्षेत्रवासियों की समस्याएं सुन रहे थे। इस दौरान उन्होंने कहा कि पहले सरकार की योजनाएं केवल पारंपरिक फसलों तक सीमित रहती थी लेकिन मौजूदा सरकार ने कृषि के दायरे को व्यापक बनाया है। अब खेती को केवल गेहूं और धान तक सीमित न रखते हुए फल, फूल, सब्जियां, मत्स्य पालन, पटसन, काजू, गरम मसाले जैसी उच्च मूल्य वाली फसलों और गतिविधियों को भी बढ़ावा दिया जा रहा है। इससे किसानों की आय के नए स्रोत खुले हैं और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिली है। कैबिनेट मंत्री कृष्ण कुमार बेदी ने बताया कि इन फसलों की खेती करने वाले किसानों को सरकार द्वारा सस्ती दरों पर ऋण उपलब्ध करवाने का सराहनीय प्रावधान किया गया है। किसानों को खाद, बीज, कीटनाशक और अन्य आवश्यक कृषि सामग्री खरीदने के लिए केवाईसी के माध्यम से आसान ऋण सुविधा दी जा रही है। इस ऋण का भुगतान किसान अपनी फसल बेचने के बाद कर सकते हैं। जिससे उन पर आर्थिक बोझ नहीं पड़ता और वे बिना चिंता के खेती कर पाते हैं। सरकार का उद्देश्य किसान को साहूकारों के चंगुल से मुक्त कर आत्मनिर्भर बनाना है।



**नरवाना।** कार्यकर्ताओं से बातचीत करते हुए मंत्री बेदी।

#### किसानों का सरकार पर भरोसा मजबूत हुआ

*कैबिनेट मंत्री ने यह भी बताया कि मौजूदा सरकार ने किसानों की आय सुनिश्चित करने के लिए ऐतिहासिक कदम उठाते हुए 24 फसलों को न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर खरीदने का निर्णय लिया है। इससे किसानों को अपनी उपज का उचित मूल्य मिल रहा है और बाजार में उन्हें किसी तरह के शोषण का सामना नहीं करना पड़ता। उन्होंने गर्व के साथ कहा कि फसल की बिक्री के 48 घंटे के भीतर ही पूरी भुगतान राशि सीधे किसान के बैंक खाते में जमा कर दी जाती है। जिससे पारदर्शिता बनी रहती है और किसानों का सरकार पर भरोसा मजबूत हुआ है।*

### अपना रोटी रथ सेवा समिति को मिला सिल्वर प्ले बटन

**जींद।** वीरवार को नरवाना रोड स्थित अपना रोटी रथ सेवा समिति के कार्यालय में सोशल मीडिया प्लेटफार्म यू ट्यूब से कोरियर के माध्यम से सिल्वर प्ले बटन अवार्ड पहुंचा। संस्था के अध्यक्ष मुकेश राठौड़ ने बताया कि अपना रोटी रथ को यू ट्यूब से सिल्वर प्ले बटन अवार्ड मिलना एक बहुत बड़ी उपलब्धि है और पूरी टीम में खुशी का माहौल है। संस्था का चैनल मोनोटाइज हो चुका है और संस्था को एक लाख सब्सक्राइबर जोडऩे पर यू ट्यूब चैनल ने यह अवार्ड दिया है। इस पुरस्कार से संस्था के मनोबल में इजाफ़ा होता है। संस्था के अध्यक्ष मुकेश राठौड़ ने बताया कि चैनल से होने वाली आमदनी से संस्था गरीब व जरूरतमंद लड़कियों की पढ़ाई में मदद करने के उद्देश्य से हर महीने एक जरूरतमंद लड़की को साइकिल दी जाएगी।